दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 79 | जयपुर, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

पद्मश्री से सम्मानित मशहूर गजल गायक का लंबी बीमारी के बाद निधन... 'चिट्ठी आई है' गीत से हुआ था 'नाम'

# अलविदा कह गए पंकज उधास, यादों में गूंजती रहेगी उनकी आवाज

एजेंसी | मुंबई

'चांदी जैसा रंग है तेरा...सोने जैसे बाल' हो या फिर 'चिठ्ठी आई है... आई है चिठ्ठी आई है' जैसे गाने आज भी जुबां पर आ ही जाते हैं, लेकिन इसे गाने वाले देश के जाने माने मशहूर गजल गायक और बॉलीवुड सिंगर पंकज उधास नहीं रहे। सोमवार को 72 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पंकज उधास की बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अपने पिता के निधन की जानकारी दी। पंकज उधास के गजलों को देश के साथ ही विदेश में भी काफी पसंद किया जाता है। संजय दत्त की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नाम' के 'चिट्ठी आई है' गीत से उन्हें पूरी दुनिया में पहचान मिली। पंकज उधास को 2006 में पद्मश्री से सम्मानित किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों से उन्होंने यह पुरस्कार प्राप्त किया था।



### गुजरात के जेतपुर गांव में हुआ था जन्म

पंकज का जन्म गुजरात के छोटे से गांव जेतपुर में हुआ था। जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने वाले पंकज अपने तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका परिवार राजकोट के पास स्थित एक कस्बे चरखाड़ी में रहता था। पंकज के दादा गुजरात के भावनगर स्टेट के दीवान के तौर पर सेवाएं दे चुके थे। उनके पिता केशुभाई उधास सरकारी नौकरी से रिटायर हुए थे।

### मां से प्रेरित होकर गीत गाने में बढ़ी रुचि

पंकज ने अपनी मां जीतू बेन से प्रेरित होकर गाना सीखा, क्योंकि उनकी मां को गीत गाने का बहुत ज्यादा शौक था। इसकी वजह से ही पंकज के साथ ही उनके भाइयों की भी संगीत में रुचि थी। पंकज के गजल गायक बनने से पहले ही उनके दोनों भाई मनहर और निर्जल उधास म्यूजिक इंडस्ट्री में नाम बना चुके थे। इसे देखते हुए माता-पिता ने पंकज का दाखिला राजकोट स्थित संगीत अकादमी में करवा दिया। यहां से संगीत की शिक्षा लेने के बाद पंकज उधास ने गजल गायकी के क्षेत्र में कदम रखा।

### उधास को ऐसे मिला 'चिट्ठी आई है' सॉन्ग

पंकज उधास को 'चिट्ठी आई है' सॉन्ग मिलने की कहानी बेहद दिलचस्प है। पंकज जब बॉलीवुड फिल्मों में सफलता नहीं मिलने पर विदेश गए तो वहां स्टेज शो करना शुरू कर दिया। इन स्टेज शो के जरिए वह बेहद पॉपुलर हो गए। इसी दौरान एक्टर और प्रोड्यूसर राजेंद्र कुमार ने विदेश में ही एक शो के दौरान उनका गाना सुना। इससे वह बेहद प्रभावित हुए और पंकज को अपनी फिल्म में गाना गाने और कैमियो करने का ऑफर दिया। राजेंद्र कुमार के असिस्टेंट ने इसके लिए पंकज से बात भी की। हालांकि, पंकज उधास ने यह ऑफर ठुकरा दिया। राजेंद्र कुमार ने एक बार इस इस बात का जिक्र पंकज के बड़े भाई मनहर उधास से की। मनहर ने सारी बातें पंकज के साथ साझा की। इसके बाद पंकज को एहसास हुआ कि उन्हें यह ऑफर स्वीकार करना चाहिए। पंकज ने राजेंद्र कुमार के असिस्टेंट को फोन किया और बात बन गई। इस तरह पंकज की झोली में नाम फिल्म का 'चिट्ठी आई है' सॉन्ग आया।

### 'थोड़ी-थोड़ी पिया करो' ने बढ़ाई पॉपुलैरिटी

'चिट्ठी आई है' गाना सुपरहिट रहा। इससे पंकज को दुनिया भर में एक खास पहचान मिली। थोड़ी-थोड़ी पिया करो, घूंघट को मत खोल, एक तरफ उसका घर एक तरफ मैकदा जैसी गजलों से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई। शराब पर गाई गजलों की वजह से उनका एक अलग ऑडिएंस तैयार हुआ।

## जरूरी खबर

### शर्मा ने पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) ने अपने निदेशक मंडल का दोबारा गठन किया है। पीपीबीएल के भविष्य का कारोबार नया गठित बोर्ड ही देखेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम को नए ग्राहक जोड़ने और कर्ज देने से रोक दिया था। यह प्रतिबंध बैंक के केवाईसी प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों के कारण लगाया गया था। पेटीएम पेमेंट्स बैंक 2017 में स्थापित किया गया था। यह भारत के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म में से एक है।

### ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में जारी रहेगी पूजा



**प्रयागराज।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास तहखाने में पूजा जारी रहेगी। सोमवार को इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुना दिया है। पिछली सुनवाई 15 फरवरी को हुई थी, उसके बाद फैसला रिजर्व कर लिया गया था। सुनवाई के बाद ऑर्डर में कोर्ट ने हिंदू पक्ष के वकील से लिखित में दलीलें दाखिल करने को कहा था। इसके लिए कोर्ट ने 48 घंटे का समय दिया था। पूजा मामले पर कोर्ट के फैसले का मुस्लिम पक्ष और हिंदू पक्ष के साथ ही सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार था।

नए पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा प्रदेश का वेदर

# बदला मौसम का मिजाज




फोटो: राजेश कुमावत

बेधड़क | जयपुर


नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में सोमवार को मौसम ने फिर करवट ली है। राजधानी जयपुर सहित कई इलाकों में बादल छाए रहे। पिछले दिनों पूरे उत्तर भारत में बे मौसम बारिश हुई थी। इस दौरान राजस्थान के साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश का मौसम, हरियाणा और पंजाब का मौसम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के मौसम में भी बदलाव देखने को मिला। इसके साथ ही झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी बारिश हुई। अब प्रदेश का मौसम एक बार फिर से करवट बदल रहा है। यहां के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम केंद्र जयपुर ने बताया कि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, कोटा और जयपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश-बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के मुताबिक एक मार्च से एक और नए तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी राजस्थान और आसपास में एक प्रेरित परिसंचरण तंत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से एक-दो मार्च को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, 30-40 किमी की गति से तेज हवाएं/आंधी चलने तथा कुछ भागों में बारिश होने की संभावना है। इस बीच, 24 घंटे की अवधि में करौली में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री, संगरिया में 8.3 डिग्री और श्रीगंगानगर में 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि बाकी जगह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम विभाग ने अब बारिश की संभावना जताई गई है। बारिश के बाद राज्य के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है।

### तापमान में आई गिरावट

पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से पहले ही प्रदेश में उसका असर नजर आने लगा है। बादलों की आवाजाही और ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया। ठंडी हवाओं के चलने से प्रदेश का मौसम ठंडा हो गया और तापमान में गिरावट आई है। कई स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम पारे में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के 12 जिले ऐसे हैं जहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। अधिकतम तापमान भी जो पिछले दिनों 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वह 30 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया।




### माउंट आबू में सर्दी के तेवर तीखे

माउंट आबू में फिर से सर्दी के तेवर तीखे हो गए हैं। यहां की हसीन वादियों में सैर सपाटे को आए सैलानियों ने सवेरे सर्द मौसम के बीच भारी भरकम गर्म लबादों का सहारा लेकर सड़कों व बाजारों में चहलकदमी करते हुए पर्यटन यात्रा का आनंद लिया। यहां अलसुबह ठंड के तेवर तीखे रहे। सूर्योदय के समय से ही बादलों ने आसमान में डेरा डाल दिया। दिन में सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहने से दिन में धूप का असर बहुत ही फीका रहा। बार-बार बदलते मौसमी मिजाज से लोगों को बुखार, खांसी, सर्दी, जुकाम का भी सामना करना पड़ रहा है।

41 हजार करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह में बोले CM

# सांगानेर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं



बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृत काल में भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से दौड़ रही है। नया भारत अभूतपूर्व गति एवं कौशल से कार्य कर रहा है। मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश भर में लगभग 41 हजार करोड़ रुपए की लागत से 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के शिलान्यास और 1500 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इनमें प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशन एवं 112 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास शामिल हैं।

### प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 112 ROB-RUB का लोकार्पण और शिलान्यास

#### 192 करोड़ से पुनर्विकास की योजना

सीएम ने कहा कि सांगानेर को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए 192 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत सांगानेर स्टेशन पर रेलवे लाइन की संख्या 3 से बढ़ाकर 5 की जाएगी। साथ ही, स्टेशन पर टिकट, पार्सल ऑफिस, रिटायरिंग रूम, कॉनकॉर्स एरिया, मुख्य प्रवेश बिल्डिंग का उन्नयन, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज मय लिफ्ट, प्लेटफॉर्म और शेड आदि के विकास कार्य भी प्रस्तावित है। इन सभी सुविधाओं से सांगानेर स्टेशन पर यात्रियों की आवक में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि आधुनिकीकरण के साथ-साथ रेलवे में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही है, जिससे आमजन को राहत मिल रही है। सांगानेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद सीपी जोशी, रामचरण बोहरा, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा एवं कुलदीप धनखड़ सहित जनप्रतिनिधि तथा रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत की जीत के साथ अजेय बढ़त

एजेंसी | रांची

पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हरा दिया। मैच में इंग्लैंड की टीम ने भारत को चौथी पारी में 192 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही पहला टेस्ट मैच हैदराबाद में हारने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने दमदार वापसी की और लगातार 3 मैच जीतकर सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने अपने घर में 33वीं बार चौथी पारी में 200 से कम के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी। इन 33 मैचों में से टीम इंडिया ने 30वीं बार जीत दर्ज की है।

रांची टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहली पारी में इंग्लैंड ने जो रूट की शतकीय पारी से 353 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में टीम इंडिया 307 रन पर सिमट गई। इस तरह इंग्लैंड को पहली पारी में 46 रनों की बढ़त मिली, लेकिन दूसरी पारी में मेहमान टीम की बल्लेबाजी बहुत की खराब रही और वह सिर्फ 145 रन ही बना सकी। इस तरह टीम इंडिया ने मैच में जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

2019 से संभाल रहे थे RCA की कमान

# वैभव ने दिया इस्तीफा... पूर्व सीएम गहलोत बरसे सरकार पर

बेधड़क | जयपुर

सत्ता बदलते के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसका जिक्र उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से किया। वैभव ने एक्स अकाउंट पर अपने इस्तीफे की घोषणा की और बताया कि उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश भी किया गया है। पिछले कुछ दिनों से आरसीए में राजनीति देखने को मिल रही थी। हाल ही में खेल परिषद ने आरसीए से सवाई मानसिंह स्टेडियम और होटल भी छीन लिया था। इसी के साथ ग्राउंड से भी आरसीए का कब्जा हटा दिया गया था।



### वैभव बोले... मेरे लिए पद नहीं, क्रिकेट महत्वपूर्ण

वैभव ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि मेरे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया गया है। इस संबंध में मुझे इतना कहना है कि RCA के किसी भी पदाधिकारी या सदस्य ने मुझसे चर्चा नहीं की। ना ही किसी मुद्दे पर असहमति व्यक्त की अन्यथा मैं तो पहले ही अपना इस्तीफा दे चुका होता। मेरे लिए पद नहीं, राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों का भविष्य महत्वपूर्ण है। इस पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। मैं भविष्य में राजस्थान की क्रिकेट, क्रिकेटरों, क्रिकेट प्रेमियों के हितों के लिए सदैव उपलब्ध रहूंगा।

### BJP को केवल अपनी कुर्सी से मतलब

वैभव गहलोत के इस्तीफा देने के बाद पूर्व सीएम अशोक गहलोत बीजेपी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि आरसीए के साथ MOU बढ़ाने का काम हमारी सरकार में भी कर सकते थे, लेकिन हमने इसे सामान्य प्रक्रिया समझते हुए नहीं बढ़ाया। हमने यही सोचा था कि यह रुटिन की प्रक्रिया है, जो हो जाएगी। हमारी सरकार ने आरसीए में अच्छा काम किया। कई अंतरराष्ट्रीय मैच हुए, लेकिन बीजेपी ने द्वेषता की राजनीति के कारण एमओयू नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी को क्रिकेट से कोई लेना-देना नहीं है। इन्हें केवल अपनी कुर्सी से मतलब है।

### राजस्थान में क्रिकेट को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य

वैभव गहलोत ने X पर बताया कि 'वर्ष 2019 में मैंने राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के तौर पर निर्वाचित होने के बाद काम करना शुरू किया। सभी जानते हैं कि 2017 में सीपी जोशी के RCA अध्यक्ष बनने से पहले पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान RCA में कैसे हालात थे। राजस्थान में क्रिकेट की कैसी दुर्दशा थी। BCCI द्वारा RCA पर प्रतिबंध तक लगा दिया गया, जिसके कारण यहां न क्रिकेट मैच हो सकते थे और ना ही राजस्थान की क्रिकेट टीम किसी टूर्नामेंट में भाग ले सकती थी। सीपी जोशी के बाद मुझे इस पद पर काम करने का मौका मिला एवं उन्होंने संरक्षक बनकर हमारा मार्गदर्शन किया। मेरा उद्देश्य राजस्थान में क्रिकेट को बढ़ावा देने और युवाओं को अधिक से अधिक इस खेल से जोड़ने का रहा।'

## जरूरी खबर

### पड़ोस युवा संसद में कल होगी विभिन्न मुद्दों पर बात

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। सीकर रोड हरमाड़ा स्थित मेहता ग्रुप आफ कॉलेज परिसर में सुबह 10.30 बजे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा करेंगे। वहीं वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा, नेहरू युवा केन्द्र के राज्य निदेशक महेन्द्र सिंह सिसोदिया विशिष्ठ अतिथि होंगे। आयोजन में युवा, महिला, संस्कृति, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मुद्दों पर विचार मंथन किया जाएगा।

### श्रेष्ठ सर्विस डिलिवरी के लिए समयबद्ध कार्य हो: गुहा

**जयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव और रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने सोमवार को रोडवेज मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गुहा ने कहा कि राज्य सरकार के गुणवत्तापूर्ण सर्विस डिलेवरी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी कार्यों का समयबद्ध निष्पादन बेहद आवश्यक है। इसके लिए कार्मिक समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर सौ फीसदी आउटपुट दें। उन्होंने मुख्यालय पर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने, जर्जर कमरों की मरम्मत और रख-रखाव एवं रंगरोगन के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड रूम का अवलोकन कर फाइलों के उचित रख-रखाव, पुरानी एवं अनुपयोगी फाइलों के निस्तारण के भी निर्देश दिए।

### नर्सिंग अभ्यर्थियों ने चिकित्सा मंत्री का जताया आभार



**जयपुर।** नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती-2023 की प्रक्रिया को फिर से गति देने पर अभ्यर्थियों ने सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह का उनके राजकीय निवास पर आभार व्यक्त किया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि युवाओं का भविष्य हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने इस भर्ती को जारी रखने की सहमति दी है। हमने विभागीय अधिकारियों को महाधिवक्ता की राय के अनुसार भर्ती प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। नई टीमों का गठन कर काम प्रारंभ कर दिया गया है। हमारा प्रयास है कि चरणबद्ध रूप से यह भर्ती संपन्न हो।

---

**कार्यशैली पर उठ रहे सवाल... एक ही मामले में सामने आई पुलिस की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई**

# थाने में हंगामा करने पर गिरफ्तार करना ASI को भारी पड़ा

## रिटायरमेंट के दो साल बाद दी चार्जशीट, तत्कालीन एसएचओ को अब क्लीनचिट

**बेधड़क | जयपुर**

पारिवारिक विवाद के मामले में थाने में आकर हंगामा करने वाले लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार करना जोबनेर थाने के एक पूर्व एएसआई को भारी पड़ गया। जानकारी के अनुसार एक शिकायत की जांच के बाद एएसआई सत्यनारायण को रिटायरमेंट के 2 साल बाद 16 सीसीए के तहत चार्जशीट दे दी।

वहीं इस मामले में पहले 16 सीसीए के तहत दोषी माने गए एसएचओ फूलचंद शर्मा को बाद में पुलिस मुख्यालय ने क्लीनचिट दे दी है। एक ही मामले में की गई पक्षपातपूर्ण कार्रवाई से पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। खास बात है कि जोबनेर एसएचओ के पद पर रहे फूलचंद शर्मा के निर्देश पर ही हंगामा करने वाले दो आरोपियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया था।



शिकायत की जांच के बाद पुलिस मुख्यालय ने जयपुर ग्रामीण एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मामला नवंबर 2019 का है। जांच के बाद एसएचओ फूलचंद व एएसआई सत्यनारायण को 16 सीसीए की चार्जशीट दी गई थी। इसके बाद फूलचंद ने चार्जशीट गलत देने का परिवाद दिया तो उनकी सुनवाई में आरोप 17 सीसीए की चार्जशीट में बदल दिए गए। इसके बाद फूलचंद ने पुलिस मुख्यालय में अपील की तो फूलचंद को क्लीनचिट देकर मामले से बहाल कर दिया। जबकि सत्यनारायण पिछले दो साल से पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के पास न्याय के लिए गुहार लगा रहा है। चार्जशीट मिलने से सत्यानारायण के पेंशन और भत्ते अटक गए है।

### 2020 में रिटायमेंट और 2022 में चार्जशीट

पड़ताल में सामने आया कि सत्यनारायण वर्ष 2020 में जोबनेर थाने से एएसआई के पद पर रिटायर हो गया था। इसके बाद वर्ष 2022 में सत्यनारायण को शांतिभंग के आरोप में दो जनों को जबरन गिरफ्तार करने के मामले में तीन साल बाद 16 सीसीए की चार्जशीट दे दी। जबकि हंगामा एसएचओ फूलचंद शर्मा की मौजूदगी में थाने पर हुआ था और उसके आदेश पर ही दो जनों को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

### यह था मामला

पुलिस मुख्यालय में एएसआई के पद पर रहे बद्रीप्रसाद का उसके भाई से पारिवारिक विवाद चल रहा था। नवंबर 2019 में बद्रीप्रसाद व हंसराज का झगड़ा हो गया था। इस मामले में दोनों पक्षों ने जोबनेर थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने तब दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया था। थाने पर हंसराज के बेटे अमित व अंकित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ थाने पर आए थे, जहां पर अमित व अंकित का पुलिसकर्मियों के साथ झगड़ा और धक्का-मुक्की हो गई थी। मौके पर एसएचओ फुलचंद भी मौजूद थे। तब दोनों को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में हंसराज व उनके बेटों ने पुलिस मुख्यालय, रेंज आईजी व एसपी ऑफिस में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाकर शिकायत की थी।

---

**सीएम शर्मा ने पचपदरा रिफाइनरी की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

# रिफाइनरी को दीपावली तक शुरू करने पर CM का जोर

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को बालोतरा स्थित पचपदरा रिफाइनरी के कार्य में तेजी लाते हुए इसे दीपावली से पहले शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रिफाइनरी में बनने वाले उत्पादों की ब्रिकी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के लिए एचपीसीएल को निवेशकों से लॉन्ग टर्म सप्लाई समझौते अभी से करने को भी कहा है।



मुख्यमंत्री शर्मा ने सोमवार को सीएम कार्यालय में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के साथ पचपदरा रिफाइनरी की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी में 9 एमएमटीपीए क्रूड ऑयल एवं 2.4 एमएमपीटीए पेट्रो-कैमिकल को प्रोसेस करने की क्षमता विकसित की जा रही है। इसमें अपनी तरह का पहला इंटीग्रेटेड ग्रास रूट रिफाइनरी कम पेट्रो-कैमिकल कॉम्पलेक्स स्थापित किया जा रहा है। वर्तमान में परियोजना में 4 युनिट्स एवं 7 पैकेजेज में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफाइनरी परियोजना से प्रदेश में औद्योगिक क्रांति की शुरूआत होगी।

इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। वर्तमान में लगभग 24 हजार प्रत्यक्ष एवं 35 हजार अप्रत्यक्ष लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 6 हजार करोड़ रुपए का राजस्व भी मिलेगा। साथ ही, राजस्थान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रमुख केन्द्र बनकर उभरेगा। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, खान एवं पेट्रोलियम सचिव आनंदी, खान एवं भूविज्ञान निदेशक भगवती प्रसाद कलाल, एचपीसीएल के सीएमडी पुष्प जोशी एवं एचआरआरएल के सीईओ कमलाकर विखर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग हो

बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि इस परियोजना में पेट्रोल व डीजल के अतिरिक्त 35 पेट्रो-कैमिकल व अन्य पदार्थों का उत्पादन होगा। इन उत्पादों से बनने वाले पदार्थों की संख्या तीन गुना से अधिक हो सकती है। मुख्यमंत्री ने एचपीसीएल को इन उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। इससे रिफाइनरी शुरू होने से पहले ही इस क्षेत्र में इंडस्ट्रीज स्थापित हो सकेगी।


### उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग हो

बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि इस परियोजना में पेट्रोल व डीजल के अतिरिक्त 35 पेट्रो-कैमिकल व अन्य पदार्थों का उत्पादन होगा। इन उत्पादों से बनने वाले पदार्थों की संख्या तीन गुना से अधिक हो सकती है। मुख्यमंत्री ने एचपीसीएल को इन उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। इससे रिफाइनरी शुरू होने से पहले ही इस क्षेत्र में इंडस्ट्रीज स्थापित हो सकेगी।


---

**राजस्थान विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ**

# युवा वैज्ञानिकों का भविष्य बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: शर्मा



**बेधड़क | जयपुर**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीरी, जयपुर परिसर में सोमवार को राजस्थान विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि वन, पर्यावरण एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री संजय शर्मा रहे। तीन दिवसीय तक आयोजित होने वाले राजस्थान विज्ञान महोत्सव का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, युवाओं और उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञों को एक मंच पर लाना है, जिससे विज्ञान के क्षेत्र में नवीन आयाम स्थापित किये जा सकें। कार्यक्रम में मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि युवा वैज्ञानिकों के प्रोत्साहन के लिए वैज्ञानिक और शिक्षाविदों के मध्य संवाद की यह पहल बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए शोध के क्षेत्र में कार्य करने के लिए उन्हें दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना में गत वर्षों से बंद बड़ी परियोजनाओं के तहत न्यूक्लियर पावर गैलरी के लिए 2 फरवरी को मॉडल की स्थापना के लिए एमओयू किया गया है। करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली यह गैलरी जयपुर के रीजनल साइंस सेंटर में बनकर शीघ्र ही शुरू होने वाली है। इसी के साथ आगामी कुछ दिनों में इनोवेशन हब और मिनी आईटी गैलरी का लोकार्पण भी लोक क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान उद्यान जयपुर में किया जाएगा। वहीं प्रदेश में पेटेंट इनफॉरमेशन सेंटर प्रारंभ करने की दिशा में भी कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम में विभाग के शासन सचिव वी सरवन कुमार, इसरो के डॉक्टर प्रकाश चौहान, लक्ष्मण सिंह एवं देश के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व युवा प्रतिभागी शामिल थे।

---

**सांख्यिकी अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2023**

# एक मार्च तक कर सकेंगे आपत्ति

**बेधड़क | अजमेर**

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सांख्यिकी अधिकारी (सांख्यिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 की मॉडल उत्तरकुंजी आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा 25 फरवरी 2024 को इस परीक्षा का आयोजन किया गया था।




आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यदि किसी भी अभ्यर्थी को इस मॉडल उत्तरकुंजी पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 28 फरवरी से 1 मार्च 2024 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी।

इस परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन ही प्रविष्ट करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

र्ज कराने का शुल्क व प्रक्रिया आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति 100 रुपए निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

---

**एसएमएस अस्पताल में 30 अभियंताओं को दिया प्रशिक्षण**

# लाइफ सपोर्ट से रोकेंगे विद्युत दुर्घटना

**बेधड़क | जयपुर**

कार्यस्थल पर होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं एवं किसी आपात् स्थिति का सामना करने के लिए कार्मिकों को तैयार करने के उद्देश्य से जयपुर विद्युत वितरण निगम ने एक नवाचार प्रारंभ किया है। इसके लिए निगम के अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों को एसएमएस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम की ओर से समय-समय पर बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी शुरूआत सोमवार को एसएमएस के ट्रोमा सेन्टर स्थित स्किल लैब में हुई जहां जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं एवं कार्मिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय विद्युत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एसएमएस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों एवं मास्टर ट्रेनर्स की टीम ने डिस्कॉम के 30 अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों को सीपीआर, इलेक्ट्रिक शॉक, बर्न इंजरी सहित अन्य प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण दिया। जयपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) संजय सिंह नेहरा, जयपुर संभाग के मुख्य अभियंता (ओएंडएम) आर.के. जीनवाल, एसएमएस अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी एवं ट्रोमा एवं अस्थि रोग संस्थान के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने अभियंताओं एवं कार्मिकों को कार्यशाला के समापन पर सर्टिफिकेट प्रदान किए। प्रशिक्षणार्थियों को करंट लगने, ऊंचाई से गिरने, हृदयाघात एवं अन्य प्रकार की आपात् स्थिति में जान बचाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया।



---

**उपकरणों के मेंटेनेंस को लेकर बैठक**

# अब अचानक नहीं होगा जांच मशीनों का ब्रेकडाउन, नियमित होगी मरम्मत

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कहा कि प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत रोगियों की जांचें सुचारू रूप से हों।



इसके लिए सुनिश्चित किया जाए कि जांच मशीनों का नियमित रिपेयर एवं मेंटीनेंस हो ताकि मशीनें अचानक ब्रेकडाउन नहीं हों। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस की बेहतरीन व्यवस्था के लिए देशभर में उपयोग की जा रही बेस्ट प्रेक्टिसेज को प्रदेश में भी अपनाया जाएगा। गिरि सोमवार को आरएमएससीएल बोर्ड रूम में जांच मशीनों के खराब होने एवं इनके ठीक होने में लगने वाले समय को लेकर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जांच मशीनों का शत-प्रतिशत रिपेयर एवं मेंटीनेंस ई-उपकरण सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाए। इससे मेंटीनेंस में लगने वाले समय की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी और चिकित्सा संस्थानों में जांच व्यवस्था बेहतर हो सकेगी। हमारा प्रयास हो कि जांच उपकरणों की मेंटीनेंस में लगने वाला समय न्यूनतम स्तर पर आए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के नोडल अधिकारी डॉ. केसरी सिंह, नेशनल हैल्थ सिस्टम रिसोर्स सेन्टर के सलाहकार डॉ. रंजन चौधरी व वरिष्ठ सलाहकार अजंन्य शाही, आरएमएससीएल के ईडीईपीएम आकाश आलाह, राजमेस की उप निदेशक डॉ. वन्दना शर्मा, आरएमएससीएल के आईटी प्रभारी विक्रम सांखला, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एनॉटमी विभाग के डॉ. नन्दलाल व सर्जरी विभाग के डॉ. राजेन्द्र बागडी सहित केटीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ नवील प्रसाद व जनरल मैनेजर हरीश शर्मा भी उपस्थित थे।

### आपातकालीन उपकरणों को प्राथमिकता

प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए कि जांच उपकरणों को श्रेणीवार विभाजित कर उसके मेंटीनेंस की समय सीमा निर्धारित की जाए। आपातकालीन एवं अति आवश्यक प्रकृति के उपकरणों के मेंटीनेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसमें किसी भी तरह की देरी नहीं हो। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में जांच उपकरणों के उपयोग एवं सामान्य रख-रखाव को लेकर आवश्यक गाइड लाइन उपलब्ध करवाएं और इसे उपयुक्त स्थान पर चस्पा भी करें, ताकि सामान्य रख-रखाव के अभाव में उपकरण खराब नहीं हों।

### 36 हजार से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण

प्रबंध निदेशक ने उपकरणों को स्थापित करते समय आवश्यक परिचालन संबंधी दिशा निर्देश के मॉनिटर करने पर बल दिया। गिरि ने कहा कि जो उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं, उनके खराब होने के कारण चिह्नित करें। साथ ही ऐसे उपकरण जो उपयोग योग्य नहीं हैं, उन्हें नाकारा घोषित करने की कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने सर्विस प्रदाता कम्पनियों के साथ बेहतर तालमेल कर उपकरणों के मेंटीनेंस में लगने वाले समय को कम करने पर जोर दिया। स्टेट नोडल आफिसर इन्वेंट्री डॉ. प्रेम सिंह ने उपकरणों के रिपेयर एवं मेंटीनेंस से संबंधित वस्तुस्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि ई-उपकरण के माध्यम से अब तक जांच एवं अन्य उपकरणों से संबंधित 36 हजार 121 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। बैठक में मेंटीनेंस से जुड़े विषय विशेषज्ञों एवं सर्विस प्रदाता कम्पनी के प्रतिनिधियों ने आ वश्यक सुझाव दिए।

## जरूरी खबर

### गो आधारित कृषि करने के लिए डॉ.गुप्ता सम्मानित



**जयपुर।** अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता को जयपुर में आयोजित सनातन भारत संघ के प्रतीक चिन्ह कार्यक्रम में सदगुरु रितेश्वर महाराज ने गो रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। गुप्ता को यह सम्मान राजस्थान को गो आधारित कृषि प्रदेश बनाने के संकल्प के लिए दिया गया। डॉ. अतुल गुप्ता ने देशभर में 70 हजार हेक्टेयर भूमि पर किसानों के माध्यम से गो कृषि को को आगे बढ़ाया साथ ही गो माता के गोबर को अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थान दिलाया है। गुप्ता का संकल्प है कि सन् 2030 तक राजस्थान राज्य को संपूर्ण रूप से गो आधारित प्रदेश बना दिया जाए।

### आईएएस टीम ने जीता सीएस चैलेंजर कप



**जयपुर।** राजस्थान राज्य सिविल सेवा सीएस चैलेंजर कप प्रतियोगिता 2023-24 में टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आईएएस टीम व कॉलेज शिक्षा टीम के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले के प्रथम मैच में आईएएस टीम के नवीन महाजन एवं शरद मेहरा ने आरएएस टीम के अरुण चौधरी एवं जयकिशन त्रिपाठी को 9-5 के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मैच में आईएएस टीम के नवीन महाजन एवं रवि जैन ने कॉलेज शिक्षा टीम को 9-2 से हराकर मुकाबला 2-0 से जीता। प्रतियोगिता के विजेताओं-उपविजेताओं को राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम के प्रबंध निदेशक नवीन महाजन, जयपुर संभागीय आयुक्त आरुषि अजय मलिक और जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने पुरस्कार वितरण किया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

### इंडियन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म स्टेट समिट एंड अवॉर्ड राजस्थान-2023 का आयोजन

# जलवायु परिवर्तन चुनौती, हमें युद्धस्तर पर लड़ना होगा: दीया

**बेधड़क** | जयपुर

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि क्लाइमेट चेंज एक चुनौती है इससे प्लेनेट को बचाने के लिए हमें युद्ध की तरह इन चुनौतियों से लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म में राजस्थान अग्रणी प्रदेश बनने के लिए कार्य कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग और आउटलुक के समन्वय से सोमवार को इंडियन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म स्टेट समिट एंड अवॉर्ड्स राजस्थान 2023 के सेकंड एडिशन के जयपुर स्थित होटल में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। दीया कुमारी ने संबोधन में कहा कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए, सोलर एनर्जी की ओर बढ़ना चाहिए। पानी और बिजली बचाने होगी, पर्यावरण को बचाना होगा, ऑर्गेनिक चीजों के उपयोग को बढ़ावा देना होगा, तभी हम हमारी धरती को बचा सकते हैं। पर्यटन स्थलों पर सभी तरह की सुविधाएं विकसित हो। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, उन्हें संपूर्ण आतिथ्य का भाव की अनुभूति हो यह रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म की अवधारणा है।

### उपमुख्यमंत्री ने सोलर एनर्जी को बढ़ाने पर दिया जोर



### इस बार 400 प्रविष्टियां आईं

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को ध्यान में रखते हुए रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म स्टेट के रूप में उभरना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवॉर्ड के द्वितीय संस्करण में इस बार 400 प्रविष्टियां आई हैं, जो कि पिछले साल 100 ही थी। राजस्थान का रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म स्टेट के रूप में उभरने का यह एक बेहतर उदाहरण है।

### रिस्पॉन्सिबल पर्यटन आज के समय की जरूरत

पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने समारोह में सहभागियों का धन्यवाद दिया और कहा कि आप सब के योगदान से इस तरह के आयोजन कर हम पर्यटन के विकास के लिए लगातार काम करेंगे। उन्होंने जूरी का धन्यवाद दिया कि पारदर्शिता के साथ पुरस्कारों के योग्य प्रतिभगियों चयन किया। इस अवसर पर इंद्रानी रॉय ने कहा कि रिस्पॉन्सिबल पर्यटन आज के समय की जरूरत है। मीडिया को भी इसको बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। राजस्थान टूरिज्म ने इस जिम्मेदारी को समझा है। पर्यटन से जुड़ी प्रत्येक छोटे से छोटी चीज का ध्यान रखकर ही रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को आगे बढ़ाया जा सकता है।

### दुस्साहस: चोरों ने सौंदर्यीकरण पर ही कर दिया हाथ साफ

# एसएमएस स्टेडियम के बाहर से खिलाड़ियों के स्टेच्यू चोरी

- प्रशासनिक लापरवाही पर पर्दा डाल पॉलिथीन से ढके पिलर
- जिन मूर्तियों को ले जा नहीं सके उन्हें तोड़ गए बदमाश

**बेधड़क** | जयपुर

शहर को सुन्दर और स्वच्छ बनाने के लिए सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च करती है। जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से शहर को आकर्षित और सुंदर बनाने के लिए चौराहों पर कलात्मक पेंटिंग्स व स्टैच्यू लगाए गए थे, लेकिन चोरों की बदनीयती प्रशासन के प्रयासों पर पानी फेर रही है। ताजा मामले के मुताबिक राजधानी के सवाई मानसिंह स्टेडियम के पूर्वी द्वार पर विभिन्न खेलों को प्रदर्शित करते हुए स्टैच्यू लगाए थे। अर्जुन पुरस्कार के प्रतीक धनुर्धर अर्जुन की विशाल प्रतिमा प्रतिमा के दोनों तरफ अन्य खेलों के प्रतीक, अष्टधातु से निर्मित स्टैच्यू लगे थे, जिन पर चोर हाथ साफ कर गए। अष्टधातु से निर्मित भरी भरकम प्रतिमाओं को भी चोरों ने नहीं छोड़ा। गौरतलब है कि जयपुर विकास प्राधिकरण ने कुछ समय तो इन खेल स्टैच्यू की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी लगाए, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते धीरे-धीरे सुरक्षाकर्मी हटा लिए गए। सुरक्षा कर्मियों के अभाव में चोरों के हौसलें इतने बढ़ गए। इससे यहां अष्टधातु से निर्मित भारी भरकम खेलों की प्रतीक तीन प्रतिमाएं चोरी हो गईं। वहीं संबंधित अधिकारियों को जब स्टैच्यू चोरी होने की भनक लगी तो प्रशासन ने अपनी लापरवाही को छुपाने के लिए पिलरों को पॉलिथिन से एक दिया, लेकिन चोरी करने वाले आरोपियों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि ये पहला मामला नहीं है जब सरेराह मूर्तियां चोरी न हुई हों। इससे पहले भी रामबाग सर्किल पर लगी नृत्यांगना की अष्टधातू निर्मित मूर्तियां भी चोरी हो चुकी हैं।



### कमजोर सुरक्षा व्यवस्था से आई ऐसी नौबत

शहर का मुख्य पॉइंट होने के बावजूद इस तरह स्मारक से मूर्तियों के चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि दिन रात यहां से लोगों की आवाजाही लगी रहती है। मगर बावजूद इसके चोर मूर्तियां चोरी करने में सफल रहे। वहीं एसएमएस स्टेडियम के सुरक्षा गार्ड गेट के अंदर ड्यूटी करते हैं, बाहर की स्थिति पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं होती। वहीं जेडीए इस ओर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहा। इस बीच अगले महीने से आईपीएल शुरू हो रहे हैं। प्रदेश में भी तीन मेच एसएमएस स्टेडियम में होने तय है। लेकिन इसके बावजूद जेडीए इस स्मारक की हालत सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है। अगर मैच से पहले मूर्तियों को नहीं बदला कर गया तो आने वाले दर्शकों के सामने प्रदेश के पर्यटन स्थल की तस्वीर धुंधली नजर आएगी।

### सफल नहीं हुए तो कई मूर्तियां तोड़ गए

अर्जुन स्मारक पर चोर मूर्ति ले जाने में सफल नहीं हुए तो कई मूर्तियों को तोड़ गए। जब से मूर्तियां खंडित ही पड़ी हैं। इससे आने-जाने वाले पर्यटकों के सामाने शहर की गलत छवि पेश हो रही है। वहीं इन खंडित मूर्तियों को बदलने के लिए जेडीए कोई प्रयास भी नहीं कर रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आया आरोपी

# दुष्कर्म के आरोपी ने किया आत्महत्या का प्रयास, पैर कटे





**बेधड़क** | जयपुर

रेप पीड़िता को गोली मारकर फरार हुए आरोपी ने सोमवार को जयपुर में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। ट्रेन की चपेट में आने से आरोपी के पैर कट गए। बदमाश को लहूलुहान हालत में पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया है। जानकारी के अनुसार 25 साल की रेप पीड़िता पर हमला करने वाले राजेंद्र यादव (33) को पुलिस ने मालवीय नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। सोमवार सुबह 7 बजे वह रेलवे लाइन पर घायल मिला। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया था। दूसरे पैर पर भी चोट लगी है। उसे सुबह 7.30 बजे एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। जबकि हमले में घायल पीड़िता भी एसएमएस अस्पताल में मौत और जिंदगी की जंग लड़ रही है। प्रागपुरा में शनिवार को हमले में घायल युवती को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया था।

### पीड़िता से मिले CM

कई नेताओं ने सोमवार को एसएमएस अस्पताल में भर्ती पीड़िता व परिजनों से मिलकर हालचाल जाना। सीएम भजनलाल शर्मा ने भी देर शाम अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधायक राज्यवर्धन राठौड़, बालमुकुंद आचार्य, पूर्व मंत्री रघु शर्मा, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड़, विराटनगर से पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर भी पहुंचे। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने चिकित्सकों से पीड़िता की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कांग्रेस ने रघु शर्मा, धर्मेंद्र राठौर, संगीता बेनीवाल और इंद्राज गुर्जर की कमेटी बनाई है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया एमओयू

# महिलाओं और बच्चों के पोषण में सुधार के सुझाव देगा CIFF

**बेधड़क** | जयपुर

किशोरियों, महिलाओं और बच्चों के पोषण में सुधार के लिए सीआईएफएफ फांउडेशन सरकार को सुझाव देगा। इसके लिए महिला एवं बाल विकास और सीआईएफएफ फांउडेशन के बीच सोमवार को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में एक एमओयू साइन किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं के समुचित विकास के लिए सीआईएफएफ अपनी टीम को क्रियाशील करें। शासन सचिव ने बताया कि इस एमओयू के तहत सीआईएफएफ आयोग के कार्यक्रमों को विकसित और सक्षम बनाने के लिए कार्य करेगा।



### आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

# बेसिक लाइफ सपोर्ट का दिया प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विद्युत वितरण निगम अपने कर्मचारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित करेगा। जिसके चलते सोमवार को एसएमएस के ट्रोमा सेन्टर स्थित स्किल लैब में अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों एवं मास्टर ट्रेनर्स की टीम ने डिस्कॉम के 30 अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कार्यस्थल पर होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं या ऐसी कोई आपात स्थिति से निपटने के लिए कार्मिकों को सीपीआर, इलेक्ट्रिक शॉक, बर्न इंजरी में प्राथमिक चिकित्सा के तौर पर की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जयपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) संजय सिंह नेहरा, जयपुर संभाग के मुख्य अभियंता आर.के.जीनवाल, उप अधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी एवं ट्रोमा एवं अस्थि रोग संस्थान के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने अभियंताओं एवं कार्मिकों को कार्यशाला के समापन पर सर्टिफिकेट प्रदान किए। डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) के.सी. शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को करंट लगने, ऊंचाई से गिरने, हृदयाघात एवं अन्य प्रकार की आपात स्थिति में जान बचाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रारंभिक उपचार का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग के नियमों के अनुरूप प्रारंभ किया गया है।



### जयपुर नगर निगम हेरिटेज की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई

# बिना अनुमति के निर्माण करने पर किशनपोल जोन में आठ निर्माण सील

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज के किशनपोल जोन में आठ अलग-अलग जगहों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। बिना अनुमति अवैध निर्माण और कोर्ट के आदेशों के विपरीत किए गए निर्माणों को 180 दिनों के लिए सील किया गया। उपायुक्त पूजा मीना ने बताया की पहली कार्रवाई पीपलियों का चौक मकान नंबर 1424 में की गई। इसी तरह मकन नंबर 378 महर निवास, हनुमानजी का रास्ता, मकान नंबर 376-सुराणा भवन हनुमानजी का रास्ता, मकान नंबर 600/01 बॉरडी का रास्ता, 943-943 मेहरो का रास्ता कावंटियों की पीपली घाटगेट, मकान नंबर 4540 घोडा निकास रोड, चौकड़ी रामचंद्रजी, मकान नंबर 1145 मेहरों का रास्ता घाटगेट, मकान नंबर 912-913 कावंटियों की पीपली पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। जयपुर नगर निगम हेरिटेज के किशलपोल जोन में 8 निर्माण सील किए गए हैं।




### निगम की नई पहल

कलाकारों की कूंची से बिखरे रंग शहर की सुंदरता में तो निखार लाते ही हैं, साथ ही नागरिकों को जीवंत एहसास भी करवाते हैं। नगर निगम जयपुर हेरिटेज ने शहरवासियों में पुरासम्पदा के संरक्षण के लिए लगाव पैदा करने और उन्हें निगम के विभिन्न अभियानों में जोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। इसी कड़ी में निगम हैरिटेज ने दी जयपुर प्रोजेक्ट के साथ मिल कर जैकब रोड स्थित जय महल पैलेस होटल के सामने दीवार पर कलात्मक लेखन म्यूरल्स बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया।

### किशन पोल बाजार में विकास कार्य तोड़ने लगे दम



स्मार्ट सिटी मिशन फेज 2.0 के तहत प्रदेश के 4 शहरों में विकास कार्यों के लिए सरकार ने हाल ही में 554 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने स्वीकृति प्रदान की थी, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते स्मार्ट सिटी के तहत चारदीवारी में किए विकास कार्य दम तोड़ने लगे हैं। किशन पोल बाजार में सड़क के दोनों ओर बनाए गए कचरा पात्र टूट कर कबाड़ बव चुके हैं। फुटपाथ पर लगी जालियां भी पूरी जरह टूट चुकी हैं। सड़क के किनारे कबाड़ हुए ठेले और ई-रिक्शा नजर आ रहे हैं।

## जरूरी खबर

### जवान अनिल गुर्जर को मिला सेना मेडल



**झुंझुनूं।** खेतड़ी उपखंड के जमालपुर निवासी भारतीय सेना में कार्यरत अनिल गुर्जर को शौर्य का परिचय देने पर सेना की ओर से सेना मेडल से नवाजा गया है। इनको ये सम्मान हिसार में भारतीय सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान की ओर से आयोजित अलंकरण सम्मान समारोह के दौरान दिया गया। बता दें कि सैनिक अनिल गुर्जर पुलवामा हमले में मास्टरमाइंड को ढेर करने वाले शहीद श्योराम गुर्जर के साथ उनकी यूनिट में ही कार्यरत थे।

### डीग नगर परिषद के चेयरमैन ने दिया इस्तीफा

**डीग।** नगर परिषद के चेयरमैन निरंजन टकसलिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। टकसालिया ने इस्तीफा डीग-कुम्हेर विधायक शैलेश सिंह को सौंपा है। टकसालिया के खिलाफ पार्षद अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे थे। कई पार्षद टकसालिया की कार्य प्रणाली से असंतुष्ट थे। दो बार पार्षद बैठक कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चा भी कर चुके थे। डीग-कुम्हेर विधायक शैलेश सिंह ने बताया कि हमारे डीग नगर परिषद के चेयरमैन निरंजन टकसालिया ने अपना इस्तीफा नगर परिषद के कमिश्नर को सौंपा है। सूचना मिलने पर मैं मौके पर पहुंचा और मैंने आकर उनका इस्तीफा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य खराब रहने की वजह बताई है।

### अतिरिक्त निदेशक पवन कुमार का किया सम्मान



**चूरू।** स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, रेंज कार्यालय बीकानेर के अतिरिक्त निदेशक राजस्थान लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पवन कुमार कस्वां का सोमवार को जिला मुख्यालय बस स्टैंड के पास आयोजित कार्यक्रम में सम्मान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुशील कुमार लाटा ने कस्वां के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए कहा कि संवेदनशीलता और कुशलता के साथ राजकीय दायित्व का निर्वहन करने वाले अधिकारी हमेशा जनता की प्रशंसा के पात्र बनते हैं। उन्होंने कस्वां की सराहना करते हुए कहा कि वे चाहे किसी भी पद पर रहे हो, हमेशा आमजन की सेवा के लिए तत्पर रहे हैं।

---

**अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों व ओवरब्रिज शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुईं पूर्व सीएम वसंधुरा राजे ने कहा**

# लोस चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर एडीए की जीत तय

**बेधड़क** | झालावाड़



राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर झालावाड़ पहुंचीं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत योजना के अंतर्गत शामिल 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुईं।

इस दौरान उनके साथ सांसद दुष्यंत सिंह, भाजपा के लोकसभा प्रभारी छगन माहूर, विधायक कालूराम मेघवाल, गोविंद रानीपुरिया सहित अन्य कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। दरअसल, अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल झालावाड़ सिटी रेलवे स्टेशन पर भी इस लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के वर्चुअली समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान राजे ने झालावाड़ जिले में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न विकास कार्यों को गिनाते हुए झालावाड़ के बदलाव की तस्वीर पेश की।

साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के संपूर्ण विकास सहित रेलवे में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों की जमकर तारीफ की। राजे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है. आगे उन्होंने राम मंदिर निर्माण को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना की।

### बड़े भाई याद कर भावुक हुईं राजे

इस दौरान वसुंधरा राजे ने झालावाड़ में रेल लाइन लाने का जिक्र करते हुए अपने बड़े भाई माधवराव सिंधिया को याद किया। इस दौरान पूर्व सीम राजे भावुक हो गईं। राजे ने कहा कि जब उन्होंने झालावाड़ में रेल लाइन का सपना देखा तो विपक्षी पार्टी में होने के बावजूद उनके भाई ने रेलवे बजट से राशि देकर यहां रेल लाइन के उनके सपने को साकार करने में मदद की थी। खैर, आज वो जहां कहीं भी हो, वो मुझे देख रहे होंगे।

### ऑर्गन रिट्रीवल करने वाले डॉक्टरों की प्रशंसा

इस मौके पर वसंधुरा राजे ने झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में कार्यरत चिकित्सकों की उस टीम की भी तारीफ की, जिन्होंने झालावाड़ जिला अस्पताल में ऑर्गन रिट्रीवल प्रक्रिया को पूरा किया। साथ ही अंगदान करने वाले मृतक के परिवार के जज्बे को भी सलाम किया।

### सांसद दुष्यंत सिंह ने जताया पीएम मोदी का आभार

वहीं, सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने झालावाड़-उज्जैन रेल मार्ग की उनकी मांग को पूरा किया है, जिसकी डीपीआर के लिए भी राशि स्वीकृत कर दी गई है। ऐसे में आने वाले समय में झालावाड़ जिला एक बड़ा हब बनकर उभरेगा। समारोह के बाद वसुंधरा राजे वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण पाटीदार के स्वास्थ्य की कुशलक्षेम पूछने उनके निवास भी पहुंचीं।

---

**आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के शिलान्यास में शिक्षा मंत्री बोले...**

# दुराचारी टीचर्स की संपत्ति करेंगे नेस्तनाबूद... खंगाल रहे कुंडली

**बेधड़क** | बाड़मेर



सरकारी स्कूलों में छात्राओं या अध्यापिकाओं से दुराचार करने वाले शिक्षक अब सरकार के निशाने पर हैं। इसको लेकर सोमवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बाड़मेर में कहा कि माताओं-बहनों का अपमान करने वाले टीचर्स की कुंडली तैयार करा रहा हूं। उनकी संपत्तियों की पहचान कर नेस्तनाबूद करूंगा। शिक्षा मंत्री दिलावर, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा दोपहर 1 बजे बाड़मेर में आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान के स्कूल के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि मैंने संकल्प लिया है, जिन टीचर्स ने माताओं-बहनों का अपमान और दुराचार किया है, उनकी कुंडली तैयार करवा रहा हूं। उन्होंने अगर अवैध तरीके से या सरकारी नियमों के विपरीत संपत्ति बनाई है तो उसे नेस्तनाबूद करूंगा। उन्होंने पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि ऐसे टीचर्स की सूची तैयार करें, ताकि शिक्षा के क्षेत्र से दुराचारियों का नाश हो। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बोले आज वीर सावरवकर की पुण्यतिथि है, उनको नमन करता हूं। वीर सावरकर को आजीवन कारवास की सजा मिली। वे महान क्रांतिकारी थे। देश आजाद होने के बाद भी वे जेल में रहे। कुछ राजनीतिक पार्टियों के लोग कहते हैं कि वे अंग्रेजों के एजेंट थे। इसलिए उन्होंने जमानत पर आने के लिए माफी मांगी थी। ऐसा कहने वाले देश के दुश्मन हैं। वीर सावरकर हमारे आदर्श और प्रेरणा पुंज हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

### आजाद व भगतसिंह को आतंकी पढ़ाया

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि देश में कई सरकारें ऐसी रहीं, जिन्होंने देश के वास्तविक इतिहास को भुलाने का प्रयास किया। ऐसा पाठ्यक्रम किताबों में डाला। आपने और मैंने भी पढ़ा कि अकबर महान था। शिवाजी पहाड़ी चूहा थे, चंद्रशेखर आजाद, भगतसिंह आतंकवादी थे। यह पढ़ाकर हमको क्या देना चाहते थे, यह समझ में नहीं आया। अकबर मीना बाजार लगा कर सुंदर माताओं और बहनों को उठाकर ले जाता था और उनके साथ रेप करता था तो वो महान कैसे हो गया। वो तो आंक्राता, दुराचारी, बलात्कारी था। इसलिए अकबर को सिलेबस में डालने वालों से ज्यादा निष्कृष्ट कोई नहीं हो सकता। जिन सरकारों ने इनको मान्यता दी वह भी ठीक नहीं किया है। मैं चाहता हूं कि अब किसी भी जगह पर अकबर महान नहीं पढ़ाया जाना चाहिए, उसे दुराचारी ही पढ़ाया जाए।

### दुराचार करने वाला टीचर नहीं राक्षस

मंत्री दिलावर ने कहा कि टीचर मां-बाप से ज्यादा सम्मानित व्यक्ति होता है। टीचर बच्चों के साथ दुराचार करे तो वह टीचर नहीं राक्षस है। राजस्थान सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे जितने भी टीचर हैं जिन्होंने माता-बहनों का अपमान-दुराचार किया है। ऐसे सब लोगों की कुंडली तैयार कर रहा हूं। उनकी अवैध संपत्ति को नष्ट करूंगा। यह संकल्प लिया है। पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारी समन्वय कर ऐसे लोगों की सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि संस्कृत व सामान्य स्कूल के करीब 80 हजार टीचर हैं। इसमें लगभग 1 करोड़ के आसपास स्टूडेंट्स पढ़ते हैं। कुछ लोगों ने सरकारी स्कूलों को बदनाम कर रखा है।

### टीचर खुद घर से पढ़कर आएं

शिक्षा मंत्री ने कहा कि टीचर को घर से पढ़कर स्कूल जाना चाहिए। अधिकांश टीचर खुद पढ़कर नहीं आते। ऐसे में वे स्टूडेंट्स की शंका का समाधान नहीं कर पाते। वे प्रश्न टालने का प्रयास करते हैं। इस मौके पर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल, भाजपा नेता स्वरूप सिंह खारा, दीपक कड़वासरा और संस्थान के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**सरपंच पति व अन्य पर केस दर्ज**

# सांभर झील में कार्रवाई के दौरान टीम पर हमला कर जब्त सामान छुड़ाया



**बेधड़क** | कुचामनसिटी

नावां सांभर झील में अवैध गतिविधियों को लेकर कार्रवाई करने गई टीम पर खाखड़की गांव के कुछ लोगों ने वाहन चढ़ाने का प्रयास किया और टीम की ओर से जब्त सामानों को फिर से छुडा कर ले गए। इस संबंध में नायब तहसीलदार रामरतन रेगर और सांभर अधिकारी रक्षपाल सिंह खंगारोत ने नामजद खाखड़की सरपंच के पति ओमप्रकाश, मनोज व रितेश सहित 5-7 अन्य लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाया है।

इस संबंध में पुलिस को नायब तहसीलदार की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि सांभर साल्ट के महाप्रबंधक ने एसडीएम को दूरभाष पर बताया कि नोरतमल चौधरी के ट्रैक्टर लोडर से सांभर झील क्षेत्र के खसरा नम्बर 2/1 खाखड़की क्षेत्र में बोरवेल के लिए मोटर व पाइप डाले जा रहे हैं। इस पर नायब तहसीलदार रामरतन रैगर मौके पर पहुंचे। वहां लोडर खड़ा था और कुछ लोग बोरवेल में मोटर डाल रहे थे। इस दौरान टीम ने वहां से एक बोरवेल, मोटर, बिजली के तार, ट्रैक्टर और लोडर जब्त किया। सांभर साल्ट के अधिकारी के साथ टीम मौके से रवाना हुई। इसी दौरान खाखड़की सरपंच का पति ओमप्रकाश, मनोज, रितेश और 5-7 दूसरे लोगों ने वहां पर आकर गाली गलौज शुरू की। आरोपियों ने उनकी गाड़ी के आगे ट्रैक्टर- लोडर लगा दिया और ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख आरोपी ट्रैक्टर, लोडर और जब्त सामान लेकर खाखड़की गांव में चले गए। नायब तहसीलदार की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहनों को क्षति पहुंचाने व राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज किया।

---

**जोधपुर नगर निगम में मंगवाई 32 लाख की दो मशीनें**

# अब बैटरी मशीन से होगी सफाई

**बेधड़क** | जोधपुर



सड़क किनारे पड़ी बोतल, प्लास्टिक पाउच आदि को उठाने के लिए नगर निगम उत्तर इलेक्ट्रिक सक्शन मशीन ले आया है। मुख्य रूप से शहर के पर्यटन स्थल पर इन मशीनों से कचरा उठाया जाएगा।

घंटाघर में सोमवार को इस मशीन से सफाई शुरू हुआ। 16 लाख रुपए की यह मशीन बैटरी से चलती है और बिना धूल मिट्टी उड़ाए लीटर कचरा (प्लास्टिक पाउच, बोतल आदि) उठा लेती है। राजस्थान में जयपुर हेरिटेज के बाद जोधपुर नगर निगम उत्तर इस मशीन का प्रयोग कर रहा है। उत्तर निगम के आयुक्त अतुल प्रकाश ने बताया कि 32 लाख रुपए की दो मशीन मंगवाई गई है। पर्यटन क्षेत्रों में सफाई के लिए पहले फोकस किया जा रहा है। घंटाघर में इस मशीन से सफाई होगी। यह मशीन लीटर कचरा यानी प्लास्टिक पाकचरे डस्टबीन में डाल देती है।

---

**रात को हंगामे के बाद सुबह फिर भिड़े दोनों पक्ष, पथराव और फायरिंग**

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**बेधड़क** | धौलपुर



जिले के निहालगंज थाना क्षेत्र में संतर रोड पर जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच रविवार देर रात पथराव और फायरिंग हो गई। रात भर चले उत्पात के बाद सुबह भी दोनों पक्षों के बीच जमकर फायरिंग और पथराव हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी सुरेश सांखला के साथ तीन थानों की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घरों में कैद आरोपियों को निकालने में जुट गई। जानकारी के अनुसार संतर रोड स्थित इमली वाली गली में एक ही परिवार के दो भाइयों आनंद नरेश और ब्रजवर्धन के बीच मकान की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ मामले दर्ज हैं। सोमवार सुबह फिर से दोनों पक्ष के बीच फायरिंग और पथराव शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने से पहले एक पक्ष के लोग फरार हो गए, वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने खुद को घर में बंद कर लिया। पुलिस घर में बंद आरोपियों को निकालने में जुट गई। रात को हुई फायरिंग और पथराव को लेकर देर रात निहालगंज थाने में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों पक्ष के बीच रातभर फायरिंग और पथराव हुआ। घटना से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश मीणा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मामले में एक पक्ष फरार है और दूसरे पक्ष के लोगों ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और खुद को आग लगाने की धमकी दी। बाद में पुलिस ने घर के बाहर गार्ड तैनात कर दिए।

---

**ट्रैक्टर मार्च में माकपा के पूर्व विधायक अमराराम ने कहा...**

# दिल्ली के रास्ते बंद, सरकार छीन रही किसान की आजादी

**बेधड़क** | जयपुर




संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से सीकर में रामू का बास तिराहा किसान सर्किल पर वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का पुतला फूंका गया। इस दौरान किसानों ने दिल्ली जाने वाली रोड पर ट्रैक्टर मार्च निकाला। इसमें सैकड़ों किसान ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए।

इस दौरान माकपा के पूर्व विधायक कामरेड अमराराम ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद देश के किसानों पर जिस तरह से मोदी सरकार दमन कर रही है वह निंदनीय है। देश की राजधानी दिल्ली में किसान का पैदा किया हुआ अनाज जा सकता है, सब्जी, दूध जा सकता है, लेकिन किसान नहीं जा सकता, यह संविधान का उल्लंघन है। संविधान में देश के हर एक नागरिक को अपनी बात रखने और आजादी का अधिकार है, लेकिन भाजपा किसानों से उनकी आजादी छीन रही है।

अमराराम ने कहा कि अबू-धाबी में डब्ल्यूटीओ की बैठक हो रही है, जिसमें अनेक देशों के साथ-साथ भारत भी हिस्सा ले रहा है। देशभर के किसानों की मांग है कि डब्ल्यूटीओ से कृषि सेक्टर को अलग किया जाए क्योंकि मोदी सरकार को कृषि पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। मोदी सरकार शुरू से ही देश के धन्ना सेठों के पक्ष और किसानों के विपक्ष में रही है।

### किसानों को गुमराह कर रही है केंद्र सरकार

पूर्व अमराराम ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से देश के धन्ना सेठों अडानी, अंबानी, टाटा, बिरला का 13 लाख करोड रुपए का कर्ज माफ किया जा सकता है और 12 लाख करोड़ का टैक्स माफ किया जा सकता है, लेकिन देश के किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं दी जा सकती। केंद्र सरकार किसानों को लगातार गुमराह करने का काम कर रही है। किसान इस तानाशाही सरकार के आगे झुकने वाले नहीं हैं। किसान अपनी मांगे मनवा कर ही रहेंगे चाहे फिर उन्हें अपनी शहादत ही क्यों ना देनी पड़े।

### मार्च में 310 ट्रैक्टर व 700 किसान शामिल

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह जाखड़ ने कहा कि किसानों के समर्थन और डब्ल्यूटीओ के विरोध में 310 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ 700 किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला और मोदी सरकार की नीतियों का विरोध किया। जाखड़ ने कहा कि हम मोदी सरकार को चेताना चाहते हैं कि किसान आंदोलन में देशभर के किसान एकजुट है और ऑर्डर मिलने पर कभी भी दिल्ली कूच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसानों की महापंचायत है। इसके लिए किसानों की पैदल यात्राएं होंगी और गांव-गांव ढाणी-ढाणी जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। महापंचायत में 10 लाख से अधिक किसान एकत्र होंगे।

---

**मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं: यादव**

# MLA शर्मा का पूर्व मंत्री पर रेपिस्ट को संरक्षण का आरोप

**बेधड़क** | कोटपूतली

जिले में जानलेवा हमले के बाद एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती रेप पीड़िता से सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सोमवार को मुलाकात की। उन्होंने पीड़िता के परिजनों से बात करके मामले की जानकारी ली। पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर विधायक शर्मा ने आरोप लगाया कि कोटपूतली के पूर्व विधायक और मंत्री रहे राजेंद्र यादव का संरक्षण अपराधियों को मिला हुआ है। शर्मा ने कहा कि युवती के साथ दुष्कर्म और अश्लील सीडी बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में राजेंद्र यादव की ओर से पीड़ित परिवार पर लगातार दबाव बनाया गया। वहीं इस मामले में पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव ने बताया कि इस मामले में मेरा कोई लेना देना नहीं है। वहीं यह मामला मेरी विधानसभा का भी नहीं है।

आरोपी बड़े अपराधी है। हमारी कांग्रेस सरकार के राज में हमने अपराधियों पर सख्ती कर रखी थी, अब भाजपा राज में फिर से अपराधियों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उधर विधायक गोपाल शर्मा ने सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह चोर-चोर मोसेरे भाई वाला गठबंधन है।

**जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में** तीन दिवसीय खेल उत्सव 'स्पोर्ट्सफिया-24'

# मैदान पर दिखी जीतने के जुनून के साथ खेल भावना की ऊंचाई

बेधड़क ।जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के अत्याधुनिक वातानुकूलित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने तीन दिवसीय खेल उत्सव 'स्पोर्ट्सफिया-24' का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय खेल आयोजन में यूनिवर्सिटी के लगभग 1500 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान वॉलीबॉल, क्रिकेट, बेडमिंटन, एथलेटिक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। यूनिवर्सिटी की विभिन्न टीमों शार्कलायन, ग्लेडिएटर, वॉरियर्स, रॉयल किंग आदि ने इस दौरान परस्पर प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। डॉ. बख्शी ने अपने भाषण में कहा कि खेल व्यक्ति में विभिन्न गुण प्रदान करके उसके व्यक्तित्व को निखारते हैं। खेल-कूद से सतर्कता, टीम भावना, मानसिक क्षमता, आत्मविश्वास और एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जेएनयू का खेल परिसर केवल छात्रों के लिए स्थापित किया गया था और उन्हें नियमित इनडोर आउटडोर खेल खेलने चाहिएं। डॉ. बख्शी ने छात्रों और शिक्षकों से खेल कौशल को निखारने और नियमित रूप से खेल गतिविधियों का आयोजन करने का आग्रह किया।





## कई डिपार्टमेंट्स ने लिया भाग

इस खेल उत्सव का मुख्य उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को सशक्त बनाकर खिलाड़ियों के भविष्य को आकार देना था। यूनिवर्सिटी के सभी संकायों, मेडिकल, इंजीनियरिंग, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, लाइफ एंड बेसिक साइंस, कंप्यूटर सिस्टम और साइंस, कृषि, एलायड लॉ, स्कूल ऑफ एएचएस, फार्मा, फिजियोथेरेपी, नर्सिंग, शिक्षा, मीडिया और होटल प्रबंधन विभाग के छात्रों ने उत्साह और उमंग के साथ खेलकर 'स्पोर्ट्सफिया-24' को सफल बनाया।

## Yuva स्टोरीज

### सामाजिक कार्यों में जुटें स्वयंसेविकाएं



बेधड़क ।जयपुर

रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच उज्ज्वल भविष्य की सुनहरी उम्मीदें और अपने साथियों व स्कूल से बिछड़ने का गम 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स के चेहरों पर उतर आए। मौका था अजमेर रोड स्थित डीएन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स के विदाई समारोह का।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज शिक्षा निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर ने भाग लिया। उन्होंने विद्यालय निदेशक बीपी गुर्जर, संतोष देवी गुर्जर, पार्षद राधेश्याम बोहरा व प्रधानाचार्य पिंकी शर्मा के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीनियर्स और जूनियर्स ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से माहौल में उत्साह व उल्लास घोल दिया। विदाई समारोह में अनीशा कुमावत को मिस फेयरवेल, सत्यप्रकाश सुईवाल को मिस्टर फेयरवेल, आरती डाबरिया को मिस ऑल राउंडर, जानवी सिंह को मिस स्टडी व सोनाक्षी चंदोलिया को मिस कूल का टाइटल मिला। इन्हें मुख्य अतिथि ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य सीनियर स्टूडेंट्स को भी उनके व्यक्तित्व एवं प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए टाइटल्स दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर विक्रम सिंह गुर्जर एवं राधेश्याम बोहरा ने छात्र-छात्राओं को कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मोबाइल से दूरी बनाए रखें।कड़ी मेहनत करें जिससे माता-पिता, अध्यापकों एवं स्कूल का नाम रोशन हो। ऐसा करने से देश का नाम अपने आप ऊंचा हो जाएगा कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निदेशक बीपी गुर्जर, संतोष देवी गुर्जर तथा प्रधानाचार्य पिंकी शर्मा ने सभी सीनियर स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्टार्ट अप समिट में जुटेंगे देशभर से एक्सपर्ट

बेधड़क | जयपुर

अटल इन्क्यूबेशन सेंटर और एनएचआरडी के संयुक्त तत्वावधान में जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में बुधवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप समिट का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में देशभर से 500 से अधिक पार्टिसिपेंट्स और ऑडियन्स हिस्सा लेंगे। आयोजन में 20 से अधिक एचआर एक्सपर्ट शामिल होंगे। इस दौरान 30 से अधिक स्टार्टअप प्रस्तुत किए जाएंगे। शार्क टैंक्स फंडेड कुछ स्टार्टअप भी इसमें शामिल होंगे। समिट के दौरान विभिन्न पैनल डिस्कशन्स होंगे जिन्हें एक्सपर्ट एवं मेंटोर्स की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने बताया कि एआईसी में अब तक 55 से अधिक स्टार्ट अप विभिन्न क्षेत्रों में मसलन फिनटेक, एड-टेक, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एग्रीटेक पर काम किया जा चुका है एवं इस स्टार्ट समिट से भी देश में नए स्टार्ट अप को मंच एवं गाइडेंस मिल सकेगा।

### जितेन्द्र चंदोलिया बने DU में सहायक आचार्य

बेधड़क ।जयपुर



राजस्थान विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के शोध छात्र जितेंद्र चंदोलिया दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में सहायक आचार्य के पद पर चयनित हुए हैं।

जितेन्द्र वर्तमान में आरयू के दर्शन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अनुभव वार्ष्णेय के निर्देशन में जर्मन दर्शन और वेदांतीय दर्शन के एक तुलनात्मक पक्ष पर अपना शोध कार्य कर रहे हैं। एमए दर्शन शास्त्र के टॉपर रहे जितेंद्र चंदोलिया ने वर्ष 2020 में IIT GATE में पूरे देश में शीर्ष दूसरा स्थान प्राप्त किया था तथा उन्हें एमए प्रथम सेमेस्टर में ही यूजीसी की कनिष्ठ शोध छात्रवृत्ति मिली थी। जितेंद्र के चयन पर उनके शोध निर्देशक डॉ. अनुभव वार्ष्णेय, विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद विक्रम सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजेंद्र प्रसाद शर्मा, शिक्षक डॉ. मनीष सिनसिनवार तथा डॉ. मनीष गोठवाल ने हर्ष व्यक्त किया।

**डीएन पब्लिक में मनाया विदाई समारोह**

# आंखों में झिलमिला उठा सफल-सुनहरा भविष्य

बेधड़क । जयपुर




रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच उज्जवल भविष्य की सुनहरी उम्मीदें और अपने साथियों व स्कूल से बिछड़ने का गम 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स के चेहरों पर उतर आए। मौका था अजमेर रोड स्थित डीएन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स के विदाई समारोह का।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज शिक्षा निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर ने भाग लिया। उन्होंने विद्यालय निदेशक बीपी गुर्जर, संतोष देवी गुर्जर, पार्षद राधेश्याम बोहरा व प्रधानाचार्य पिंकी शर्मा के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

सीनियर्स और जूनियर्स ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से माहौल में उत्साह व उल्लास घोल दिया। विदाई समारोह में अनीशा कुमावत को मिस फेयरवेल, सत्यप्रकाश सुईवाल को मिस्टर फेयरवेल, आरती डाबरिया को मिस ऑल राउंडर, जानवी सिंह को मिस स्टडी व सोनाक्षी चंदोलिया को मिस कूल का टाइटल मिला। इन्हें मुख्य अतिथि ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य सीनियर स्टूडेंट्स को भी उनके व्यक्तित्व एवं प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए टाइटल्स दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर विक्रम सिंह गुर्जर एवं राधेश्याम बोहरा ने छात्र-छात्राओं को कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मोबाइल से दूरी बनाए रखें। कड़ी मेहनत करें जिससे माता-पिता, अध्यापकों एवं स्कूल का नाम रोशन हो। ऐसा करने से देश का नाम अपने आप ऊंचा हो जाएगा कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निदेशक बीपी गुर्जर, संतोष देवी गुर्जर तथा प्रधानाचार्य पिंकी शर्मा ने सभी सीनियर स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डॉक्टर्स को मिले प्रतिभा के पुरस्कार




**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ ने सोमवार को निविक टेबलिंटन के 9वें संस्करण के विजेताओं को पुरस्कार दिए। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि डॉक्टर्स और उनके परिजनों के लिए राज्य के सबसे बड़े खेल महाकुम्भ निविक टैबलिंटन का पुरस्कार वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम बिड़ला ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम प्रतियोगिताएं हुई थी जिनमें राज्य के लगभग 800 डॉक्टर्स ने भाग लिया। सभी खेलों के विभिन्न वर्गों में कुल मिलाकर 56 टीमों ने भाग लिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ गेस्ट ऑफ ऑनर थे। पद्मश्री से सम्मानित देवेन्द्र झाझड़िया, चेयरमैन,महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी डॉ. विकास स्वर्णकार एस्टीम्ड गेस्ट थे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि डॉक्टर्स के लिए स्पोर्ट्स इवेंट होते रहने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेश सोमानी एवं डॉ. मनीषा चावला ने किया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. गौरव जैन व दीपशिखा जैन संगीत की महफिल ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में डॉ. एनसी पूनिया, डॉ. सोनदेव बंसल सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर्स ने भाग लिया।

**एसकेआईटी में जुटे विशेषज्ञ**

# एंगुलर फ्रेमवर्क पर शुरू हुई कार्यशाला



**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर से 'ग्राफिकल यूजर इंटरफेस डिजाइन यूजिंग एंगुलर फ्रेमवर्क' विषय पर विद्यार्थी केंद्रित एक सप्ताह की कार्यशाला का उद्घाटन किया गया।

यह कार्यशाला सूचना तकनीकी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आईईईई कम्प्यूटर सोसाइटी चैप्टर, आईईईई दिल्ली सेक्शन एवं हैबिली लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की जा रही है। विभागाध्यक्ष आईटी डॉ. अनिल चौधरी ने कार्यशाला के प्रारूप का विवरण देते हुए आईटी इंडस्ट्री में एंगुलर फ्रेमवर्क की बढ़ रही उपयोगिता के बारे में बताया।

कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन योगेश मिश्रा, राहुल कुमार जैन एंगुलर फ्रेमवर्क पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक संजू चौधरी, ऋचा रावल, अंजलि पांडे, सूचिता अरोरा व प्रवीण कुमार यादव रहे। तकनीकी सहयोग चतुर्भुज चौधरी का रहा।

## डिजाइनिंग का तिलिस्म बिखरेगा फैशन शो में


**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फैशन एंड टेक्सटाइल का 13वां एनुअल फैशन शो क्रिएशन-2024 बुधवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। शो में आकर्षक रैंपवॉक के दौरान यूनिवर्सिटी की छात्राएं खादी, कांथा फ्यूजन, मधुबनी प्रिंटिंग, कलमकारी के न्यूलुक ट्रेंड्स के फैशनेबल डिजाइनर आउटफिट्स शोकेस करेंगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी विजयलक्ष्मी बिश्नोई होंगी। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता भी मौजूद होंगे।

यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने बताया कि फैशन शो के जज पैनेलिस्ट में जेबा की फाउंडर पारुल विजयवर्गीय, क्षीर सागर की डायरेक्टर रघुश्री पोद्दार शामिल होंगी।

**अपॉर्च्युनिटी** | इस बार रिकॉर्ड अभ्यर्थी शामिल होने की संभावना

# जल्द शुरू होंगे CUET-UG 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन

बेधड़क | जयपुर



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) जल्द ही कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2024 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करेगी। प्रक्रिया शुरू होने के बाद इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट cuet.samarth.ac पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं।

इस वर्ष, CUET-UG एनटीए की ओर से 15 मई से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा और परिणाम अंतिम परीक्षा के तीन सप्ताह के भीतर घोषित किए जाएंगे। पिछले वर्ष CUET-UG 21 मई और 23 जून तक कई चरणों में आयोजित किया गया था। इस टेस्ट के लिए जो छात्र 2024 में 12वीं कक्षा की परीक्षा दे रहे हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि उनको उस समय सीमा के भीतर, जो उस विश्वविद्यालय के सूचना बुलेटिन में निर्दिष्ट किया जा सकता है जहां प्रवेश मांगा जाएगा, कक्षा 12 की परीक्षा में उत्तीर्ण करने संबंधित दस्तावेज जमा कराने होंगे। इसलिए, ऐसे स्टूडेंट्स को वांछित विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाएं और संबंधित तिथि की जांच करें व उसके अनुसार कार्य करें। गौरतलब है कि इस वर्ष CUET-UG का तीसरा संस्करण है, जिसके माध्यम से देश भर के केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तावित स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। जब से यह टेस्ट शुरू हुआ है तब से पंजीकरण की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।

पिछले साल कुल 14.99 लाख उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि कुल उपस्थिति बढ़कर 74.44% हो गई थी। लगभग 3.83 लाख छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे, जिनमें महिलाओं की तुलना में पुरुष उम्मीदवार अधिक शामिल थे।


### इस बार कई नई व्यवस्थाएं

सीयूईटी यूजी का पहला संस्करण तकनीकी गड़बड़ियों और आखिरी मिनट में बदलावों के कारण खराब हो गया था, जबकि पिछले साल, छात्र स्कोर के सामान्यीकरण से नाखुश थे क्योंकि इससे उनके समग्र स्कोर में कमी आई थी। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और एनटीए परीक्षा के तरीके और अवधि में बदलाव लाने पर काम कर रहे हैं। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदेश कुमार ने हाल ही में बताया कि एनटीए हाइब्रिड मोड में परीक्षा आयोजित करने की योजना बना रहा है ताकि परीक्षा अधिक स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित की जा सके और छात्र नजदीकी परीक्षा केंद्रों में उपस्थित हो सकें। बड़ी संख्या में पंजीकरण वाले विषयों के लिए पेन और पेपर मोड परीक्षा होगी, जबकि कम पंजीकरण वाले विषयों की परीक्षा कंप्यूटर आधारित मोड में होगी। इसके अलावा, छात्र इस वर्ष 10 के बजाय अधिकतम छह पेपर में ही शामिल हो सकते हैं। कुमार ने कहा था कि इससे न केवल कम अवधि और कम दिनों में परीक्षा आयोजित करने में मदद मिलेगी, बल्कि पिछले दो संस्करणों के विपरीत एक ही दिन में एक विषय की परीक्षा आयोजित करने की भी अनुमति मिलेगी।

# जिंदगी से बहुत प्यार हमने किया, मौत से भी...




**जाहिद खान**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

## गीतकार इंदीवर का स्मृति दिवस

*"दिलों के नाजुक अहसास को खूबसूरत अल्फाज में बयां करने वाला यह बेहतरीन नगमा-निगार 27 फरवरी, 1997 को यह कहकर जमाने से हमेशा-हमेशा के लिए विदा हो गया, 'जिंदगी से बहुत प्यार हमने किया/मौत से भी मोहब्बत निभाएंगे हम/रोते रोते जमाने में आए मगर/हंसते-हंसते जमाने से जाएंगे हम।'"*

'चंदन सा बदन चंचल चितवन', 'फूल तुम्हें भेजा है खत में', 'कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे', 'चांद को क्या मालूम चाहता है', 'ओह रे ताल मिले नदी के जल में', 'नदिया चले, चले रे धारा', 'है प्रीत जहां की रीत सदा', 'होठों से छू लो तुम' यह काव्यात्मक और अर्थपूर्ण गीत गीतकार इंदीवर के हैं। फिल्मी दुनिया के अपने पांच दशक के लंबे करियर में उन्होंने तीन सौ से ज्यादा फिल्मों में तकरीबन एक हजार गीत लिखे। सभी एक से बढ़कर एक दिल लुभाने वाले। फिल्मी दुनिया में मजरूह सुल्तानपुरी के बाद वे ऐसे दूसरे गीतकार थे, जिन्होंने फिल्मों में लंबी पारी खेली और आखिरी वक्त तक अपने चाहने वालों को नगमा-ओ-गीत की सौगात पेश करते रहे। एक दौर में जब फिल्मों में अच्छी शायरी और कविताई चलती थी, तो उस दौर के मुताबिक शायराना गीत लिखे। बदलते दौर में जब रिदम गीत पर हावी हो गया, तो इंदीवर ने उस जमाने के फिल्मी माहौल और दिलचस्पियों को कोसा नहीं, बल्कि अपने आप को उस में ढाल लिया। बप्पी लहरी के फास्ट संगीत, जिसको हम डिस्को के नाम से जानते हैं, उन्होंने उस म्यूजिक में खुद को इस तरह से फिट किया कि वे उनके भी फेवरिट गीतकार हो गए। "आप जैसा कोई मेरी जिंदगी में आए" (फिल्म-कुर्बानी) जैसा नए अंदाज का गाना उन्हीं का लिखा हुआ है। यही नहीं उन्होंने अपने जमाने की मशहूर पॉप म्यूजिक की जोड़ी नाजिया हसन और जोहैब हसन के लिए फास्ट बीट के गाने लिखे, जो खूब मकबूल हुए। उस समय इन गानों की लोकप्रियता का आलम यह था कि ये गीत जवां दिलों की धड़कन बने हुए थे। हर एक इन गानों का दीवाना था।

उत्तर प्रदेश में झांसी जिले के छोटे से कस्बे बरुआसागर में 1 जनवरी, 1924 को जन्मे इंदीवर का असली नाम श्यामलाल बाबू राय था। कविता का शौक उन्हें बचपन से ही था। 'आजाद' तखल्लुस से वे कविताएं लिखते थे। उनकी नौजवानी का दौर, देश की आजादी के संघर्षों का दौर था। स्वाधीनता संग्राम से प्रेरित होकर इंदीवर ने भी देशभक्ति के गीत रचे। आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया। कविता की लोकप्रियता बढ़ी, तो वे कवि सम्मेलनों में शिरकत करने लगे। कवि सम्मेलनों में इंदीवर बड़े प्रभावशाली ढंग से अपनी कविताएं पढ़ा करते थे। ऐसे ही एक कवि सम्मेलन में उन्होंने जब अपना इंकलाबी गीत 'ओ किराएदारों, कर दो मकान खाली' पढ़ा, तो अंग्रेजी हुकूमत को यह नागवार गुजरा और उन्हें जेल में डाल दिया गया। कुछ दिन वे जेल में रहे, वापस आए तो फिर कविता और कवि सम्मेलनों में रम गए। उस दौर में हर कवि-शायर की दबी-छिपी चाहत फिल्मों में गाने लिखने की होती थी। इंदीवर भी अपने दिल में यह चाहत पाले हुए थे। उनके सामने ऐसी कई मिसाल मौजूद थीं, जिसमें छोटे कस्बे-शहर से निकलकर गीतकारों ने देश भर में बड़ा नाम किया था।

बहरहाल, अपनी इस चाहत को लेकर बाईस साल के इंदीवर मुंबई पहुंच गए। कुछ दिन की जद्दोजहद के बाद, साल 1946 में उन्हें फिल्म 'डबल फेस' में गाना लिखने का मौका मिला। लेकिन अफसोस! न फिल्म चली और न गाने। नतीजा, इंदीवर फिर अपने कस्बे बरुवासागर वापस लौट आए। शुरुआती नाकामी के बाद भी उन्होंने अपना हौसला नहीं खोया। फिल्मों में काम की तलाश में बे बार-बार मुम्बई आते-जाते रहे। आखिर पांच साल बाद, इंदीवर की किस्मत का सितारा चमका। साल 1951 में मौसिकार रोशन के संगीत निर्देशन में उन्हें फिल्म 'मल्हार' में गाने लिखने का मौका मिला। इस फिल्म के सारे गाने हिट हुए। खास तौर पर 'बडे अरमानों से रखा है बलम तेरी कसम" गीत ने तो पूरे देश में धूम मचा दी। 'मल्हार' के गानों की कामयाबी के बाद, इंदीवर ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और वे पायदान-दर-पायदान बुलंदियां छूते चले गए। साल 1963 मे उन्हें एक बार फिर रोशन के संगीत में फिल्म 'पारसमणि' के गाने लिखने का अवसर मिला। इस अवसर को भी उन्होंने अपने हाथ से नहीं जाने दिया। 'पारसमणि' अपने गानों की वजह से ही सुपर हिट हुई। इस फिल्म का गाना 'रोशन तुम्हीं से दुनिया' उस जमाने में खूब चला और आज भी उसी तरह मकबूल है। वैसे तो इंदीवर ने अपने जमाने के सभी टॉप संगीतकारों के साथ काम किया। लेकिन उनकी जोड़ी संगीतकार कल्याणजी-आनंदजी के साथ खूब जमी। कल्याणजी-आनंदजी के साथ उन्होंने तकरीबन चालीस फिल्में कीं। शुरुआत साल 1965 में आई फिल्म 'हिमालय की गोद' से हुई। जिसके सभी गाने लोगों ने पसंद किए। इसके बाद तो जैसे एक सिलसिला शुरू हो गया, इस जोड़ी के हिट गीत-संगीत का। आगे का दौर कल्याणजी-आनंदजी और इंदीवर की मिली-जुली सफलता का दौर था। इस जोड़ी के हिट गीत-संगीत की वजह से ही एक के बाद एक लाइन से फिल्में सुपर हिट हुईं। यकीन न हो तो उन फिल्मों के नामों पर एक बार नजर डाल लीजिए, जिसमें इस जोड़ी ने साथ काम किया। 'उपकार', 'सरस्वती चंद्र', 'यादगार', 'सफर', 'सच्चा झूठा', 'पूरब और पश्चिम', 'जॉनी मेरा नाम', 'धर्मात्मा', 'हेराफेरी', 'डॉन', 'कुर्बानी' आदि इन फिल्मों का नाम आते ही, उनके गाने खुद-ब-खुद जेहन में आ जाते हैं। निर्माता-निर्देशक-कलाकार मनोज कुमार, फिरोज खान और राकेश रोशन की हिट फिल्मों के पीछे भी कल्याणजी-आनंदजी का संगीत और इंदीवर के शानदार गीत थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## निजी निवेश से बढ़ेगा परमाणु बिजली का उत्पादन

# परमाणु ऊर्जा में आत्मनिर्भर होता देश




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


*"अभी तक परमाणु ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के लक्ष्य को सरकार हासिल करने में असफल रही है। इसका एक प्रमुख कारण परमाणु ईंधन आपूर्ति की कमी रही है। 2010 में इस के लिए मनमोहन सिंह सरकार ने रीपोसेस्ड परमाणु ईंधन की आपूर्ति के लिए अमेरिका से करार किया हुआ है। साथ ही, एक बड़ी समस्या परमाणु ऊर्जा उत्पादन के दौरान होने वाली किसी दुर्घटना के लिए कड़े मुआवजा कानूनों का होना है।"*

भारत में एक ओर अर्से से अटकी परमाणु बिजली परियोजनाओं में विद्युत का उत्पादन शुरू हो रहा है, वहीं निजी निवेश से परमाणु ऊर्जा बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत जिले के तापी काकरापार में 22,500 करोड़ रुपए की लागत से बने 700-700 मेगावाट बिजली उत्पादन के दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र 22 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित कर दिए। ये देश के पहले स्वदेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं। ये उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त हैं। ये संयंत्र प्रतिवर्ष लगभग 10.4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेंगे। जो गुजरात में बिजली की आपूर्ति के साथ अन्य प्रांतों को भी बिजली देंगे। ये संयंत्र शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे।



दूसरी तरफ भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों से 26 अरब डॉलर का निवेश आमंत्रित किया है। यह पहल ऐसे स्रोतों से बिजली बनाने की मात्रा बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है, जो वायुमंडल में प्रदूषण और तापमान बढ़ाने वाले कार्बनडाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं करते हैं। यह पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल, भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी। वर्तमान में यह 42 प्रतिशत है।

सरकार इस सिलसिले में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा पावर, अडाणी पावर और वेदांत लिमिटेड सहित पांच निजी कंपनियों से बात कर रही है। प्रत्येक कंपनी को 5.30 अरब डॉलर का निवेश करने को कहा गया है। इस सिलसिले में परमाणु ऊर्जा विभाग और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने इस निवेश के संबंध में बीते वर्ष निजी कंपनियों के साथ कई दौर की बातचीत की हुई है। सरकार को इस निवेश से 2040 तक 11000 मेगावाट नई परमाणु बिजली उत्पादन क्षमता की उम्मीद है। फिलहाल एनपीसीआईएल के पास 7500 मेगावाट की क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र काम कर रहे हैं। इसमें और बढ़ोतरी के लिए 1300 मेगा वाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जो निवेश से संभव हो सकेगा। निजी कंपनियों के साथ परमाणु ऊर्जा विभाग की शर्तों में परमाणु संयंत्रों के उपकरणों के साथ भूमि और पानी के प्रबंधन में होने वाला खर्च कंपनियां उठाएंगी। हालांकि संयंत्र के निर्माण, संचालन और उसमें प्रयुक्त होने वाले ईंधन का अधिकार एनपीसीआईएल के पास रहेगा। निजी कंपनी इन संयंत्रों में बनने वाली बिजली बेचकर राजस्व प्राप्त करने की अधिकारी होंगी और एनपीसीआईएल परियोजना के संचालन का शुल्क वसूल करेगा। अतएव कहा जा सकता है कि ये शर्तें व्यावहारिक होने के साथ ही सरकार और कंपनी दोनों के लिए ही लाभदायी साबित होंगी। साथ ही, बड़ी मात्रा में नए कुशल और अकुशल रोजगार का सृजन होगा। परमाणु ऊर्जा परियोजना के विकास का यह हाईब्रिड नमूना परमाणु क्षमता स्थापित करने में भविष्य में अत्यंत मददगार साबित होगा। इस योजना के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 में किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता नहीं पड़ी है।

हमारे यहां दो तरह के परमाणु रिएक्टर हैं। एक गर्म पानी का जिसे बॉयलिंग वॉटर रिएक्टर और दूसरे को प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर कहा जाता है। इनमें प्राकृतिक यूरेनियम का प्रयोग होता है। यूरेनियम के अणुओं के विखंडन के लिए, पहले रिएक्टर में अति उच्च दबाव और तापमान में पानी को उबाला जाता है, जिससे अणु विखंडित होकर ऊर्जा में परिवर्तित हों। यह प्रक्रिया लगातार टरबाइन में चलती रहती है। इसे टरबाइन ब्लेड में चलाने की प्रक्रिया के साथ ऊर्जा उत्सर्जित होने लगती है। दूसरे रिएक्टर में ऊर्जा पानी के भारी दबाव से बनती है और इसमें पानी की मात्रा की बहुत ज्यादा जरूरत होती है। इसीलिए ये संयंत्र समुद्री तटों पर लगाए जाते हैं। गुजरात के तापी काकरापार परमाणु संयंत्र में बिजली पानी के उच्च दबाव से बनेगी। हालांकि अभी तक परमाणु ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के लक्ष्य को सरकार हासिल करने में असफल रही है। इसका एक प्रमुख कारण परमाणु ईंधन आपूर्ति की कमी रही है। 2010 में इस हेतु मनमोहन सिंह सरकार ने रीपोसेस्ड परमाणु ईंधन की आपूर्ति के लिए अमेरिका से करार किया हुआ है। साथ ही एक बड़ी समस्या परमाणु ऊर्जा उत्पादन के दौरान होने वाली किसी दुर्घटना के लिए कड़े मुआवजा कानूनों का होना है। यही वजह है कि परमाणु संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन के काम वर्षों से अधर में लटके हुए थे, जो अब काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बिजली उत्पादन के साथ, लगता है गति पकड़ेंगे।

दरअसल, अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान छह साल से अटके असैन्य परमाणु ऊर्जा अनुबंध पर समझौता नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल की शुरुआत में ही हो गया था। इस करार की बड़ी सफलता यह रही कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कौशल के चलते भारत को झुकना नहीं पड़ा और अमेरिका संतुष्ट हो गया। इस मुद्दे के सिलसिले में दोनों देशों ने चतुराई यह बरती कि परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम में संशोधन की जरूरत नहीं पड़ी। इस परमाणु करार को अमल में लाने के बाबत सबसे बड़ी बाधा 'परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम' का उपबंध 17 था। इस धारा में प्रावधान हैं कि यदि अमेरिकी उपकरणों के कारण भारत में कोई त्रासदी होती है तो परमाणु संयंत्र प्रदायक कंपनी को नुकसान की भरपाई करनी होगी। जाहिर है, यह शर्त दुर्घटना होने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराती है। इसीलिए 2008 में इस समझौते के हो जाने के बावजूद कोई विदेशी परमाणु ऊर्जा कंपनी भारत नहीं आई। जबकि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने इस करार को लागू करने के लिए सरकार ही दांव पर लगा दी थी। इस कानून में संसद में वामदलों की मांग के चलते यह कठोर शर्त जोड़ी गई थी।

इस शर्त को शिथिल किए जाने के सिलसिले में अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों का कहना था कि भारत वैश्विक नियमों का पालन करे। इन नियमों के तहत दुर्घटना की प्राथमिक जिम्मेदारी संचालित कंपनी की होती है। इस क्रम में भारत की दुविधा यह थी कि हमारे यहां सभी परमाणु संयंत्रों का संचालन सरकारी कंपनी 'भारतीय नाभिकीय ऊर्जा निगम' करती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने का मतलब था, दुर्घटना की स्थिति में सरकार को मुआवजे की अदायगी झेलने की मजबूरी। उत्तरदायित्व कानून में एक अन्य विवादास्पद शर्त दुर्घटना के समय असीमित जिम्मेदारी की भी जुड़ी थी। इस शर्त की वजह से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा कंपनियों को बीमाकर्ता कंपनी तलाशने में मुश्किलें पेश आ रही थीं, क्योंकि कोई भी बीमा कंपनी परमाणु संयंत्रों से जुड़ी दुर्घटना का संपूर्ण बीमा भार झेलने का जोखिम नहीं उठाती।

बहरहाल, भारतीय कंपनियां परमाणु संयंत्रों के निर्माण व संचालन में पूंजी निवेश करती हैं तो भारत बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के साथ बिजली निर्यात में भी सक्षम हो जाएगा। साथ ही युवाओं को रोजगार भी बड़ी संख्या में प्राप्त होने की उम्मीद बढ़ जाएगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# प्रजातंत्रीय यात्राएं




**दिनेश विजयवर्गीय**
व्यंग्यकार


यात्राएं जीवन का सुखद अहसास कराती हैं। एक ही स्थान पर रहते हुए मन बाहर की यात्रा के लिए मचलने लगता है। यात्रा हमें में जहां तरोताजा करती है ,वहीं प्रकृति की विविधताओं को देखने का आनंद भी देती है। हमारे बुजुर्ग तो अपना जीवन धन्य करने के लिए तीर्थ यात्रा किया करते थे। धर्म आध्यात्म की बयार उनके तन मन में बहती रहती थी। पहाड़ी यात्राएं कितनी भी टेड़ी मेड़ी कठिन हो पर पुण्य कमाने के लिए यात्रा को अपनी प्राथमिकताओं में सम्मिलित करते थे। अब समय बदल गया यात्रा अब जवान और बच्चे भी करने लगे हैं। इन यात्राओं में धर्म के साथ सैर सपाटे भरा पर्यटनी सुख भी जुड़ा रहता है। यात्रा उन्हें जीवन की भाग दौड़ से राहत महसूस कराती है। इस तरह वे प्रकृति के बीच अपनी खुशियां तलाशते हैं। यात्रा परंपरा व्यक्ति को आनंद मंगल का अहसास कराती हैं। आजकल लोकतंत्र में भी नयापन लाने के लिए यात्रा परंपरा शुरू होने लगी है। नेता लोकतंत्र की मजबूत करने के लिए जनता के बीच जाने लगे हैं। अब कुआ प्यासे के पास जा रहा है। जन जुडाव बना रहे और जनता समय पर दरियादिली से अपने वोटो का उपयोग करें, बस इसके लिए अब यह विविध यात्राएं चलने लगी हैं। पार्टियां तो इसे अपना जनाधार बढ़ाने के लिए जरूरी मानने लगी है। इसलिए आज न्याय यात्रा कहीं राम यात्रा तो कहीं आभार यात्रा चल पड़ी। इन यात्राओं में नेता मुस्कुराते हुए जनता के बीच जाते हैं। उनके दुख दर्द की बातें कर उनसे लोकतंत्र को मजबूत करने और पार्टी का साथ देने की बात भी बातों ही बातों में कर लेते हैं। मीडिया में भी उनकी यात्राओं की चहल पहले स्थान पाती रहती है।

यात्राओं के माध्यम से जनमन टटोल कर पार्टियां अपनी चुनावी नीति बनाती हैं। पार्टी व नेता कुछ भी सोचें पर लोकतांत्र अब जनता के मन से चलने लगा है। उसका क्या कुछ रुख होता है, यह समय आने पर ही वह अपने वोट से प्रगट करती है। भविष्य बताएगा कि घाट घाट का पानी पीकर जन मन को मोहने वाली है यात्राएं किस पार्टी के लिए मंगलकारी साबित होंगी।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
हम पंकज उधास जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, जिनकी गायकी कई तरह की भावनाओं को व्यक्त करती थी और जिनकी ग़ज़लें सीधे आत्मा से बात करती थीं। वह भारतीय संगीत के एक प्रकाश स्तंभ थे, जिनकी धुनें पीढ़ियों से चली आ रही थीं। मुझे पिछले कुछ वर्षों में उनके साथ हुई अपनी विभिन्न बातचीतें याद हैं।उनके जाने से संगीत जगत में एक खालीपन आ गया है, जिसे कभी नहीं भरा जा सकेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। शांति।



**अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री
@AshwiniVaishnaw
नित नए इतिहास ये रचते, सपने नहीं हकीकत हैं बुनते।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
हर योजना में उत्तर प्रदेश पहले पीछे माना जाता था। आज हर एक योजना में उत्तर प्रदेश नंबर एक पर है...



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आपका जो जीवन हैं उसे अपनी पूर्ण संभावना के साथ खिलना चाहिए। यही चीज मायने रखती है। कोई भी आपको अपने और अपने आस-पास के लोगों के लिए एक अद्भुत जीवन बनने की संभावना से इनकार नहीं कर सकता है।

## नॉलेज कॉर्नर: किला जितना शानदार, उतना ही रोचक इसका इतिहास

# द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहलाती है ये दीवार!

राजस्थान अपनी खूबसूरती और अनूठी परंपराओं के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां कई ऐसे दार्शनिक स्थल हैं, जिनकी खूबसूरती से रूबरू होने से देश ही नहीं, विदेश से भी लोग यहां आते हैं। इस राज्य में कई सारे किले और महल भी मौजूद हैं, जो राजस्थान की शान में चार चांद लगाते हैं। कुंभलगढ़ किला इन्हीं में से एक है, जिसकी खूबसूरती को निहारने लोग देश-विदेश से यहां आते हैं और यहां की खूबसूरती को अपने कैमरों तक में कैद कर ले जाते हैं। यह किला जितना शानदार है, उतना ही शानदार इसका इतिहास रहा है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं राजस्थान के कुंभलगढ़ किले के सुनहरे इतिहास के बारे में...

### कुंभलगढ़ किले का इतिहास

कुंभलगढ़ किला अपनी विशाल दीवारों के लिए जाना जाता है। 36 किलोमीटर तक फैली इसकी दीवारें चीन की ग्रेट वॉल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार मानी जाती है। यही कारण है कि इस किले की दीवार को अक्सर भारत की लंबी दीवार के रूप में जाना जाता है। राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित यह शानदार किला अरावली पहाड़ों की पश्चिमी श्रृंखला पर उदयपुर से लगभग 84 किमी दूर है। इस किले को 15वीं शताब्दी में मेवाड़ क्षेत्र के शासक राणा कुंभा द्वारा बनवाया गया था।



### किले में सात द्वार

इस विशाल किले में प्रवेश करने के लिए सात गढ़वाले प्रवेश द्वार बनाए गए थे। इन सातों दरवाजों का नाम अरेट पोल, हनुमान पोल, राम पोल, विजय पोल, निंबू पोल, पाघरा पोल और टॉप खाना पोल है। इसके अलावा आप इसके अंदर बादल महल भी देख सकते हैं। यह महल किले के सबसे ऊंचे स्थान पर मौजूद हैं, जहां से आसपास के ग्रामीण इलाकों और बादलों का मनमोहक दृश्य नजर आता है। इसी वजह से इसे बादल महल कहा जाता है। साथ ही इस किले के परिसर में 360 से अधिक मंदिर भी मौजूद हैं, जिनमें सबसे प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर है।

**अभेद्य किलों में से एक**

*अपनी मजबूत सुरक्षा और पृथक स्थान के कारण कुंभलगढ़ किले को भारत के सबसे अभेद्य किलों में से एक माना जाता था। इस किले को मेवाड़ किले के नाम से भी जाना जाता है। यह स्थान महान राजपूत राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान था। इस किले की हर चीज दुश्मन से बचने के लिए बनाई गई थी।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

### लोकसभा चुनाव: भाजपा ने शुरू किया संकल्प-पत्र सुझाव अभियान, नड्डा ने वीडियो वैन को दिखाई हरी झंडी

# एक करोड़ सुझावों के आधार पर तैयार होगा भाजपा का घोषणा पत्र

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का संकल्प लेकर मैदान में उतरने की जैयारी में जुटी भाजपा ने अपना घोषणा पत्र तैयार करने के लिए सोमवार को संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की।

इसके साथ ही नड्डा ने 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि वैन पार्टी के 'संकल्प पत्र' के लिए लोगों से सुझाव इकट्ठा करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना भाजपा का दृष्टिकोण है। ये वैन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों और भारत को एक विकसित देश बनाने के उनके दृष्टिकोण को उजागर करेंगी।

नड्डा ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा संकल्प समिति की बैठक की अध्यक्षता की। नड्डा ने कहा कि वीडियो वैन के माध्यम से, भाजपा ने लोगों को



देश की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों और भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए इस 'अमृत काल' में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं और अब भारत इस अमृतकाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है।

### 15 मार्च तक पहुंचेंगे सुझाव , 250 स्थानों पर होगा संवाद

जय प्रकाश नड्डा ने कहा कि ये वीडियो वैन सारे देश में जाएंगी और लगभग 1 करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र हमारे पास 15 मार्च तक पहुंचेंगे और उनका समावेश करके हमारा संकल्प पत्र बनेगा। जो 2024 में विकास के लिए एक लंबी छलांग लगाने के लिए होगा। वैन देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। वीडियो वैन के माध्यम से 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद किया जाएगा और उनके सुझावों का भी हम अपने साथ समावेश करेंगे। इसके साथ साथ हम एक विशेष मिस्ड कॉल नंबर के माध्यम से प्रयास करेंगे कि आप अपने सुझाव हम तक पहुंचाएं। जेपी नड्डा ने कहा, इसके अतिरिक्त नमो ऐप में भी इसके लिए एक अलग सेक्शन है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी इन वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी। हर तरीके से जनता जनार्दन की आकांक्षाए हम तक पहुंचे।

### 370 सीटें जीतने का लक्ष्य

भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सत्ता में वापसी के प्रति आश्वस्त है। पार्टी ने 543 सदस्यीय लोकसभा के लिए अगामी चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।

## ईडी की चार्जशीट में कार्ति चिदंबरम का नाम




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने 2011 में चीनी नागरिकों के लिए कथित तौर पर वीजा जारी करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में नई चार्जशीट दाखिल की है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने चार्जशीट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम के अलावा उनके करीबी सहयोगी का नाम शामिल किया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर अपना आदेश सुरक्षित रखा। कोर्ट 16 मार्च को अपना आदेश सुनाएगा। गौरतलब है कि कार्ति चिदंबरम तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सांसद हैं और एजेंसी ने इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज किया है। उन्होंने मामले से संबंधित सभी दस्तावेज जांच एजेंसी को सौंप दिए हैं।

## LS चुनाव लड़ेंगे निर्मला सीतारमण व जयशंकर: जोशी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। लेकिन पार्टी ने अभी इस बात पर फैसला नहीं किया है कि उनमें से किसको कर्नाटक से लड़ना चाहिए या दोनों को बाहर से लड़ना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट में इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि जयशंकर या सीतारमण बेंगलुरु से चुनाव लड़ सकते हैं। 2019 में भाजपा ने बेंगलुरु की सभी तीन सीट पर जीत दर्ज की थी। सीतारमण राज्यसभा में कर्नाटक प्रतिनिधित्व करती हैं और तमिलनाडु व तेलंगाना से भी काफी अच्छी तरह से परिचित हैं। भाजपा के हलकों में इस तरह की भी अटकलें हैं आईटी मंत्रालय के राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ सकते हैं।

### मराठा आरक्षण आंदोलन: जालना में स्टेट ट्रांसपोर्ट की बस को लगाई आग

# मनोज जरांगे का अनशन समाप्त पर आंदोलन जारी रखने पर अड़े

**एजेंसी** | मुंबई/जालना

मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे पाटिल ने 17 दिनों के बाद सोमवार को अपना अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने घोषणा की है कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना अनशन वापस ले रहे हैं।

हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं और जिससे उन्हें आरक्षण का लाभ मिल सके। जरांगे जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे थे।

दूसरी ओर आरक्षण मराठा आंदोलनकारियों ने सोमवार को अंबाड के तीर्थपुरी शहर में स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की एक बस को आग लगा दी। कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। आगजनी की घटना के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और जालना में बस सर्विस को रोक दिया है। प्रशासन ने बीड, संभाजीनगर और जालना में शाम 4 बजे तक इंटरनेट सस्पेंड कर दिया।



### अब गांवों का दौरा करेंगे जरांगे

जरांगे ने कहा, मैं अपना अनशन टाल रहा हूं। लेकिन तीन से चार युवा यहां बैठे रहेंगे। वे हमारी मांगों को लेकर रोज उपवास रखेंगे। मैं कुछ गांवों का दौरा करूंगा और उन्हें अपने अपना रुख स्पष्ट करूंगा। वे यहां अंतरवाली सराटी गांव में मुझसे मिलने नहीं आ सके, क्योंकि गृह विभाग ने पाबंदियां लगाई थीं।



### मेरे खिलाफ केस किया तो लोग आक्रोशित हो जाएंगे: जरांगे

आरक्षण आंदोलन को लेकर उनके खिलाफ दर्ज कई पुलिस शिकायतों के बारे में पूछे जाने पर जरांगे ने कहा, अगर वे मेरे खिलाफ केस चलाना चाहते हैं तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन (ऐसा करके) वे मुसीबत को आमंत्रित करेंगे। लोग आक्रोशित होंगे और मुख्यमंत्री व राज्य के गृहमंत्री को परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अब फैसला उनके हाथ में है। ज्ञात रहे कि जरांगे ने एक दिन पहले उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया था कि फडणवीस उन्हें मारना चाहते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जरांगे को चेतावनी देते हुए कहा कि वह राज्य सरकार के धैर्य की परीक्षा न लें।

### चव्हाण ने साधा निशाना



पाटिल ने कहा कि समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी देने वाला विधेयक उनकी मांगों को पूरा करने में विफल रहता है। इस बीच, भाजपा के नेता अशोक चव्हाण ने उनकी सभी मांगों को पूरा करने के बावजूद आंदोलन जारी रखने की आवश्यकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'वह (मनोज जारंगे पाटिल) जानते हैं कि वह आंदोलन क्यों कर रहे हैं? हम जो कह रहे हैं वह यह है कि जब सरकार ने यह कानून लाकर उनकी सभी मांगों को पूरा कर लिया है, तो आंदोलन की कोई आवश्यकता नहीं है।'

### कांग्रेस नेताओं की घोषणा...

## पार्टी सत्ता में आई तो अग्निपथ योजना कर दी जाएगी खत्म

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने सत्ता में वापसी पर अग्निपथ योजना को समाप्त करने की घोषणा की है। पार्टी ने इस योजना पर कई सवाल उठाते हुए सोमवार को कहा कि वह सशस्त्र सेवाओं में नियमित भर्ती के लिए पुरानी प्रक्रिया लागू करेगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह योजना युवाओं के साथ अन्याय है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और सचिन पायलट ने अग्निवीर योजना के विरुद्ध सोमवार को पार्टी के अभियान की शुरुआत की। वहीं, पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उन लगभग दो लाख युवाओं को सेना में नियुक्ति देने की मांग की है जिनकी भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी मगर अग्निपथ योजना आने के बाद उन्हें नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर होने के नाते वे उनसे दो लाख युवाओं के भविष्य को लेकर अनुरोध कर रहे हैं। उनके अनुसार 2019 से 2022 के बीच लगभग दो लाख युवाओं को परीक्षा, शारीरिक परीक्षा से लेकर अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर तीनों सेनाओं में नियुक्ति के लिए योग्य घोषित किया गया।



### युवाओं के सपनों को कुचल दिया: प्रियंका गांधी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा मन में देशभक्ति और सेवा की भावना लिए देश भर के लाखों युवा दिन-रात मेहनत करते हैं। वे सोचते हैं कि सेना में जाएंगे, देश की सेवा भी करेंगे और रोजगार भी मिलेगा। भाजपा सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर देश के लाखों होनहार युवाओं के सपनों को कुचल दिया। लाखों पद खाली, करोड़ों युवा बेरोजगार-यही मोदी की गारंटी है। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, पार्टी मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने साफ संदेश देते हुए कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि ऐसी किसी योजना की कोई मांग नहीं थी।

### झारखंड में कांग्रेस को सियासी झटका

## सांसद गीता कोड़ा BJP में शामिल

**एजेंसी** | रांची

झारखंड में कांग्रेस को बड़ा सियासी झटका लगा है। सिंहभूम से सांसद और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा सोमवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में गीता कोड़ा ने पार्टी की सदस्यता लीं। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत कई नेता मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि गीता कोड़ा झारखंड में कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी गठबंधन से नाखुश थीं। बता दें कि गीता गोड़ा 2009 से 2019 तक दो बार विधायक रह चुकी हैं। 2019 में पहली बार सिंहभूम लोकसभा सीट से सांसद चुनी गईं थीं। गीता कोड़ा 2019 में कांग्रेस के लिए झारखंड से एकमात्र सांसद थीं। जनवरी 2022 में गृहमंत्री अमित शाह के झारखंड दौरे के बाद से ही उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि उन्होंने इन अटकलों पर अक्सर विराम लगाया। लेकिन सोमवार को उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। मरांडी ने कहा कि कोड़ा दंपती का भाजपा से पुराना लगाव रहा है।



### वायनाड से भाकपा ने किया प्रत्याशी घोषित

## एनी राजा रोकेंगी राहुल गांधी की राह!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे कोलेकेर विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुशिलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भाकपा(सीपीआई) ने सोमवार को केरल में वायनाड समेत दो सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं।

वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी मौजूदा सांसद हैं। वायनाड से भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ डी राजा की पत्नी एनी राजा को मैदान में उतारा है। वहीं तिरुवनंतपुरम पन्नियन रवींद्रन को मैदान में उतारा है। तिरुवनंतपुरम से वर्तमान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर सांसद हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने राहुल गांधी को वायनाड सीट से चुनाव मैदान में उतारा था और वे उन्हें 4 लाख से अधिक वोट मिले थे और वे यहां से विजयी हुए थे। राहुल गांधी के इस बार भी वायनाड से चुनाव लड़ने के कयास हैं।





### डी राजा की पत्नी हैं एनी राजा

एनी राजा सीपीआई के महासचिव डी राजा की पत्नी हैं। एनी पार्टी की वरिष्ठ नेता होने के साथ ही नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन विमेन की महासचिव हैं। वह भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भी हैं। एनी राजा के बारे में एक और खास बात है कि वह मात्र 22 साल की उम्र में सीपीआई राज्य कार्यकारी समिति की सदस्य बन गई थीं।

### राहुल दो अन्य सीटों से लड़ेंगे चुनाव

दूसरी ओर वायनाड से भाकपा प्रत्याशी की घोषणा से राहुल गांधी के वायनाड सीट के बजाय दो अन्य सीटों से चुनाव लड़ने के कयास तेज हो गए हैं। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी के कर्नाटक या तेलंगाना की किसी एक सीट और उत्तर प्रदेश की किसी एक सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है। भाकपा, केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ का दूसरा सबसे बड़ा घटक दल है। पार्टी की सीनियर नेता एनी राजा को वायनाड सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

### तमिलनाडु: सियासी समीकरण बदलने की कवायद

# भाजपा को मिला तमिल मनीला कांग्रेस का साथ, मिलकर लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी** | चेन्नई

दक्षिण भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटी भाजपा को लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में एक साथी मिल गया है। पार्टी इस बार राज्य में लोकसभा चुनाव जी के वासन के नेतृत्व वाली तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) के साथ मिलकर लड़ेगी। भाजपा ने 2019 में अन्नाद्रमुक के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार दोनों की राह अलग अलग हैं।

राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक पहले से ही विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल है। तमिल मनीला कांग्रेस ने राज्य में कई अन्य दलों के भी राजग में शामिल होने की उम्मीद जताई है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने वासन की सराहना करते हुए कहा कि आगामी दिनों में गठबंधन के मार्गदर्शन के लिए उनकी सलाह ली जाएगी।

वासन ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि वह 27 फरवरी को तिरुपुर जिले के पल्लडम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में शामिल होंगे। ज्ञात रहे कि वासन के भाजपा के साथ जाने से मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के सामने सियासी चुनौती बढ़ने की उम्मीद है। वासन ने कहा, आज, देश की आर्थिक वृद्धि और सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। गरीबों का उत्थान ज्यादा जरूरी है, बुनियादी ढांचा बहुत जरूरी है।





हम विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे हैं। यह सब ध्यान में रखते हुए टीएमसी एक ऐसी सरकार, एक ऐसा प्रधानमंत्री चाहती है जो वास्तव में यह सब हासिल कर सके।

उन्होंने पिछले दशक में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा, तमिल मनीला कांग्रेस राजग के हिस्से के रूप में भाजपा के नेतृत्व में आगामी चुनाव लड़ेगी। वासन ने कहा कि उनकी पार्टी का नारा 'समृद्ध तमिलनाडु, मजबूत भारत' केंद्र के विभिन्न कदमों के अनुरूप है।

भारतीय जनता पार्टी के जीतने की स्थिति में वासन की पार्टी के लिए मंत्री पद के बारे में सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के साथ गठबंधन सम्मान, आपसी समझ और एक शक्तिशाली भारत एवं एक समृद्ध तमिलनाडु बनाने के लक्ष्य के लिए किया गया है। भाजपा को साथ गठबंधन भरोसे पर आधारित है।

### भाजपा का क्यों छूटा अन्नाद्रमुक का साथ

अन्नाद्रमुक ने सितंबर 2023 में भाजपा से किनारा कर लिया था। इसके बाद पार्टी तमिलनाडु में अकेली पड़ गई थी। लेकिन पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले तमिल मनीला कांग्रेस को अपने से जोड़ने में सफल हो गई है। तमिल मनीला कांग्रेस पहले अन्नाद्रमुक की सहयोगी रह चुकी है। के. अन्नामलाई के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा ने तमिलनाडु में आक्रामकम अभियान शुरू कर दिया था। डीएमके के खिलाफ आंदोलनों के दौरान कई मौकों पर अन्नामलाई ने अन्नाद्रमुक को भी घेरा। इससे अन्नाद्रमंक असहज हो गई और पार्टी नेताओं ने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व पर के. अन्नामलाई के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाया। भाजपा ने अन्नाद्रमुक की शिकायतों को दरकिनार कर अन्नामलाई पर भरोसा जताया।

### कौन हैं वासन और तमिल मनीला कांग्रेस

तमिल मनीला कांग्रेस की स्थापना तमिलनाडु के दिग्गज नेता जी. के. मूपनार ने 1996 में कांग्रेस से बगावत के बाद की थी। जीके वासन पार्टी के संस्थापक जी के मूपनार के बेटे हैं। मूपनार ने कांग्रेस के अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने के फैसले के विरोध में पार्टी छोड़ी थी। इसका 2002 में कांग्रेस में विलय हो गया लेकिन जीके वासन ने 2014 में कांग्रेस से नाता तोड़ लिया और पार्टी को नए सिरे का गठन किया। वासन ने मूपनार की नीति को बदल दिया और वह कांग्रेस विरोध की राजनीति में सक्रिय हो गए।

## जरूरी खबर

### मोदी का केरल दौरा आज, इसरो को देंगे सौगात

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को केरल यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह राज्य में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की तीन प्रमुख तकनीकी सुविधाओं का भी उद्घाटन करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र भी जाएंगे, जहां वह मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान' मिशन की समीक्षा भी करेंगे। पीएम मोदी विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में एक ट्राइसोनिक विंड टनल और तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में एक सेमी-क्रायोजेनिक इंटीग्रेटेड इंजन एवं स्टेज टेस्ट सुविधा और श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में पीएसएलवी एकीकरण सुविधा का उद्घाटन करेंगे। मालूम हो कि विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र इसरो का ही एक प्रमुख केंद्र है।

### हाई कोर्ट ने कहा- शाहजहां शेख को करो गिरफ्तार

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को ममता बनर्जी सरकार से कहा कि संदेशखाली केस में टीएमसी नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया जाए। हाईकोर्ट में एक वकील ने याचिका लगाई थी कि कई लोग संदेशखाली जा रहे हैं। कुछ को गिरफ्तार किया जा रहा है, तो कुछ को मालाएं पहनाई जा रही हैं। वकील ने अपील की कि हाईकोर्ट संदेशखाली की जांच के लिए एक स्वतंत्र कमेटी गठित करे। कोर्ट ने कहा- हम ऐसा करेंगे, लेकिन हम चाहते हैं कि राज्य सरकार, पुलिस, सीबीआई और ईडी कोर्ट में मौजूद रहे।

### ब्रिटेन की प्रोफेसर का दावा-भारत में नहीं मिला प्रवेश



**बेंगलुरु।** ब्रिटेन के वेस्टमिस्टर विश्वविद्यालय में भारतीय मूल की एक प्रोफेसर को भारत में प्रवेश नहीं करने दिया गया। प्रोफेसर को कर्नाटक सरकार ने एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था, जब वह बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरीं तो उन्हें बाहर नहीं जाने दिया गया और उन्हें वापस भेज दिया गया। लंदन स्थित कश्मीरी पंडित अकादमिक की प्रोफेसर निताशा कौल ने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों द्वारा कोई कारण नहीं बताया गया और भारत सरकार से पहले से कोई नोटिस या सूचना नहीं मिली कि उन्हें देश में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में कर्नाटक सरकार की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रपति भवन में उत्सव






*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में दिव्यांगजनों के लिए 'पर्पल उत्सव' का उद्घाटन किया। 10 हजार से अधिक दिव्यांगजन अपने अनुरक्षकों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रपति ने दिव्यांग जनों से बातचीत की। वहीं, दिव्यांगजनों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।*

### वाराइच होंगे पाक के कार्यवाहक उच्चायुक्त



**नई दिल्ली।** भारत में पाकिस्तान के नवनियुक्त कार्यवाहक उच्चायुक्त साद अहमद वाराइच ने सोमवार को नई दिल्ली में अपना कार्यभार संभाल लिया। वाराइच ने एजाज खान का कार्यकाल पूरा होने के बाद उनका स्थान लिया है। वाराइच ने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तानी दूत के रूप में कार्य किया। उन्होंने पहले पाकिस्तान विदेश मंत्रालय में अफगानिस्तान, ईरान और तुर्की डेस्क के महानिदेशक के रूप में भी काम किया है। पिछले वर्ष भारत ने इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग में गीतिका श्रीवास्तव को पहली महिला कार्यावाहक उच्चायुक्त नियुक्त किया था।

**भारत ने बिसारिया को बुलाया वापस :** उल्लेखनीय है कि इस्लामाबाद में भारत के आखिरी उच्चायुक्त अजय बिसारिया थे।

## प्रधानमंत्री ने दी 41 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं की सौगात

# युवाओं के सपने व मेरा संकल्प है विकसित भारत की गारंटी: PM

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के सपने को अपने संकल्प से जोड़ते हुए उसे विकसित भारत की गारंटी करार दिया और कहा कि इसके तरीके को तय करने का अधिकार युवाओं को है। लोकसभा चुनाव में जीत के प्रति आत्मविश्वास से भरे पीएम मोदी ने फिर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल की शुरुआत जून से होगी। पीएम मोदी ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए 41 हजार करोड़ रुपए से रेलवे में चल रही दो हजार से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया।

उन्होंने 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। इसके अलावा




पीएम ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया। रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 27 राज्यों के 300 जिलों में हो रहा है। पीएम मोदी ने रेलवे परियोजनाओं को भारत के बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव का वाहक बताया। कहा कि हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं, जो पिछले दस वर्षों में रेलवे में दिखाई भी दे रहा है। रेल यात्रा आसान हो रही है।

### ये होंगे काम

- 553 रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास
- 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज बनेंगे
- 2000 प्रोजेक्ट्स बदल रहे हैं रेलवे की बुनियादी तस्वीर

### कोई घोटाला नहीं होने से बचे पैसे

प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में घोटाला नहीं होने के कारण पैसे की बचत का श्रेय स्वयं को दिया और कहा कि इस पैसे का उपयोग नई लाइनें बिछाने की गति को दोगुना करने, जम्मू-कश्मीर से पूर्वोत्तर तक नए क्षेत्रों में रेल ले जाने और ढाई हजार किमी के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर काम करने में किया जा रहा है।

### पीएम ने किया भारत टेक्स -2024 का उद्घाटन

पीएम मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में भारत टेक्स-2024 का उद्घाटन किया। यह देश में आयोजित होने वाले अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है। इसका आयोजन 26 फरवरी से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और दर्शना जरदोश भी शामिल हुई। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा, हम कपड़ा मूल्य श्रृंखला के सभी तत्वों को 5F से जोड़ रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा...

# आईसीजी में महिलाओं को स्थाई कमीशन दें नहीं रख सकते बाहर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षक बल में महिला कोस्ट गार्ड अधिकारियों को स्थाई कमीशन के मामले में दायर एक याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई। पीठ ने कहा कि महिलाओं को ऐसे नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करे कि महिलाओं को तटरक्षक बल में स्थाई कमीशन दिया जाए। पीठ ने कहा कि अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो अदालत ऐसा करेगी।

सुनवाई के दौरान, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने बताया कि तटरक्षक बल का काम सेना और नौसेना से अलग है। इसमें



संरचनात्मक परिवर्तन किया जा रहा है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) द्वारा एक बोर्ड स्थापित किया गया है। जिस पर पीठ ने कहा कि कार्यक्षमता आदि तर्क साल 2024 में मायने नहीं रखते। ऐसे महिलाओं को छोड़ा नहीं जा सकता। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो हम ऐसा करेंगे। इसलिए स्थायी कमीशन को देखें। साथ ही पीठ ने यह भी कहा कि आपके बोर्ड में महिलाएं भी होनी चाहिए। फिलहाल अदालत ने मामले को सुनवाई के लिए शुक्रवार को सूचीबद्ध किया है।

## बैराज बनकर तैयार: पंजाब- J&K में होगी सिंचाई

# अब नहीं जाएगा रावी का पानी पाक

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने आखिरकार पाकिस्तान की ओर जाने वाले रावी नदी के पानी को रोक दिया है। पड़ोसी देश की ओर सालाना 12 हजार क्यूसेक पानी बह जाता था। पंजाब के पठानकोट जिले में रावी नदी पर शाहपुर कंडी बांध बनने से यह पानी अब देश में ही रहेगा। अब पानी रोके जाने से जम्मू-कश्मीर और पंजाब के किसानों को सबसे अधिक फायदा होगा। विश्व बैंक की देखरेख में 1960 में हुई 'सिंधु जल संधि' के तहत रावी के पानी पर भारत का विशेष अधिकार है। बैराज को लेकर जम्मू-कश्मीर और



पंजाब के बीच विवाद के कारण काम में विलंब हुआ। वर्षों से बन रहे इस बांध निर्माण का काम अब पूरा हो चुका है। बांध में जल भंडारण की क्षमता 4.23 ट्रिलियन घन मीटर फुट है। वहीं, बिजली निर्माण के लिए पावर हाउस तैयार किए जा रहे हैं। रणजीत सागर बांध से छोड़े गए पानी का उपयोग इस परियोजना के लिए बिजली पैदा करने के लिए किया जाना है।

### रावी पर बना है शाहपुर कंडी बांध

रावी नदी पर बना शाहपुरकंडी बांध 55.5 मीटर ऊंचा है। इसके साथ दो पावर हाउस भी बन रहे हैं। यह परियोजना एक चालू बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है जिसमें पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सिंचाई और बिजली उत्पादन शामिल है। परियोजना से 37,173 हेक्टेयर (पंजाब में 5000 और जम्मू-कश्मीर में 32173) की सिंचाई क्षमता निर्धारित की गई है।

### कफ सिरप केस: भारतीय व्यापारी समेत 21 को जेल

**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारत में बने कफ सिरप पीने से 68 बच्चों की मौत के मामले में 21 लोगों को सजा सुनाई। इसमें एक भारतीय बिजनेसमैन भी शामिल हैं। मध्य एशियाई देश में 2022 और 2023 के बीच कम से कम 86 बच्चों को यह कफ सिरप पिलाया गया था, जिनमें से 68 की मौत हो गई। उज्बेकिस्तान में डॉक-1 मैक्स सिरप का आयात करने वाली कंपनी के निदेशक राघवेंद्र प्रताप को 20 साल की सबसे कठोर सजा सुनाई है। उन्हें धोखाधड़ी और जालसाजी का दोषी पाया गया था।

## डिफेंस एक्सपो का अवलोकन



***पुणे।** सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को पुणे में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी सेंटर में आयोजित डिफेंस एक्सपो-2024 का दौरा कर वहां प्रदर्शित हथियार प्रणाली का अवलोकन किया।*

## नौसेना प्रमुख की अहम घोषणा...

# ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी नौसेना का प्राथमिक हथियार

एजेंसी | पुणे

नौसेना प्रमुख आर हरिकुमार ने सोमवार के कहा कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारतीय नौसेना के प्राथमिक हथियार बनेगी।

दूसरे देशों से हासिल की गई सभी पुरानी मिसाइल प्रणालियों को हटा दिया जाएगा। उनका स्थान ब्रह्मोस लेगी। साथ ही वायु सेना और हवाई लड़ाकू विमानों के पास भी हवा से सतह पर मार करने वाला यह प्राथमिक हथियार होगा।

नौसेना प्रमुख ने सोमवार को महाराष्ट्र के पुणे में एमएसएमई डिफेंस एक्सपो के समापन




समारोह में यह बात कही। नौसेना प्रमुख की यह टिप्पणी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा 200 से अधिक ब्रह्मोस मिसाइलों के सौदे को मंजूरी देने के बाद आई है। एडमिरल हरिकुमार ने कहा कि ब्रह्मोस की रेंज और क्षमताओं को विकसित किया गया है। इसके अपग्रेड होने के बाद यह हमारा मुख्य आधार बनने जा रहा है। इसी के चलते हम अपनी सभी पुरानी मिसाइलों की जगह ब्रह्मोस



को शामिल कर रहे हैं। इस दौरान नौसेना अध्यक्ष ने इसके मेड इन इंडिया होने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस भारत में बनी है,यह इसका एक बड़ा लाभ है।

### सागर-महासागर रखने होंगे सुरक्षित

एडमिरल हरिकुमार ने कहा कि भविष्य में समुद्र से ही उन्नति और समृद्धि आएगी। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि सागरों और महासागर को सुरक्षित रखा जाए। देश का 88 फीसदी तेल समुद्री रास्तों से आयात होता है, इसे सुरक्षित रखना नौसेना की जिम्मेदारी है, इसके लिए नौसेना का आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। भारत की रक्षा आत्मनिर्भर भारत की समृद्धि की कुंजी है। फिलहाल भारतीय नौसेना के पास 130 से अधिक जहाज और 250 युद्धक विमान हैं।

### बढ़ रही है रेंज और क्षमता

नौसेना प्रमुख ने कहा, यह एक बहुत ही शक्तिशाली मिसाइल है, और यह रेंज क्षमता आदि में भी विकसित हो रही है। और एक बड़ा तथ्य यह है कि यह भारत में बना है, इसलिए हम किसी और पर निर्भर नहीं हैं। इसकी मरम्मत यहीं आसानी से की जा सकती है। हमारे पास ही इसके स्पेयर उपलब्ध है। इसलिए यह एक बड़ा फायदा है। नौसेना प्रमुख ने पुणे में डिफेंस एक्सपो के समापन समारोह के मौके पर यह बात कही।

## ईडी के समन की फिर अनदेखी

# जब अदालत कहेगी तो हो जाऊंगा पेश: केजरीवाल

एजेंसी | नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को एक बार फिर से अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज कर दिया। वे सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था।

केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत उन्हें ऐसा करने के लिए कहेगी तो वह जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे। केजरीवाल ने कहा कि ईडी का समन विपक्षी गठबंधन इंडिया को छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है। आम आदमी पार्टी गठबंधन नहीं तोड़ेगी। इससे पहले सोमवार को



आप ने कहा था कि केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं होंगे और एजेंसी को समन भेजने के बजाय अदालत के आदेश का इंतजार करना चाहिए। बता दें कि अरविंद केजरीवाल द्वारा बार-बार समन को दरकिनार करने पर ईडी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस पर दिल्ली की अदालत ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया।

## दो दिवसीय रंगीला नाट्य समारोह का आयोजन

# सरकारी सिस्टम की जड़ों तक फैल चुके भ्रष्टाचार पर करारा कटाक्ष

**बेधड़क.जयपुर।** राजीव व सुधीर दोनों गहरे मित्र हैं। सुधीर सरकारी अधिकारी का पुत्र है और ताऊजी राजनेता हैं। वहीं स्वाभिमानी राजीव गरीब परिवार से है और पढ़ाई पूरी करने के लिए पार्टटाइम मेहनत मजदूरी करता है। सुधीर पिता और ताऊजी से दूरी बनाकर रखता है। उसकी मां कई वर्षों से दवा पर जिंदा है और उसकी बहन की अचानक मौत हो जाती है। इन सबके लिए सुधीर अपने पिता और ताऊजी को दोषी मानता है और उसका मानना है, कि गरीबों का दिल दुखाने के कारण ऐसा हुआ है। इसके बाद कहानी पात्रों में ढलती हुई आगे बढ़ती है। नजारा था अनुपम रंग थिएटर सोसाइटी की ओर से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रवींद्र मंच के स्टूडियो थिएटर में 2 दिवसीय रंगीला नाट्य समारोह की शुरुआत में "अतृप्त आत्माएं" प्ले का, जिसमें कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय से छाप छोड़ी।





### इनका रहा अभिनय

नाटक में नरेंद्र सिंह बबल, महेश चंद महावर, विनोद कुमार, अर्जुन सिंह राठौड़, दुर्गाप्रसाद सैनी आदि ने अभिनय किया। अब समारोह के समापन पर मंगलवार को कौमी एकता विषय पर आधारित प्रबोध जोशी लिखित व नरेंद्र सिंह बबल द्वारा निर्देशित ईश्वर अल्लाह तेरो नाम का मंचन किया जाएगा।

### विवेक पर हावी होती तृष्णा पर आधारित

समारोह के पहले दिन हुए इस नाटक में सरकारी सिस्टम की जड़ों में रचे-बसे भ्रष्टाचार व राजनीति में गिरती नैतिकता को उजागर किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी के. के. कोहली द्वारा लिखित व निर्देशित "अतृप्त आत्माएं" की कहानी के संबंध में सरल शब्दों में कहें ये इंसान के विवेक पर हावी होती तृष्णा पर आधारित रहा।

### सात पीढ़ियों का बंदोबस्त

कहानी में बताया गया, कि आज के समय में आम इंसान स्वयं का पेट नहीं भर पा रहा। अपने जीवन को भी सुरक्षित नहीं रख पा रहा है। दूसरी ओर भ्रष्ट राजनेता और अफसरशाही 7 पीढ़ियों तक का इंतजाम करने में कामयाब हो रहे हैं। सरकारें बड़ी-बड़ी योजनाएं बना जरूर रही हैं, लेकिन उनका फायदा आम इंसान को मिलता नहीं है। सही मायने में अतृप्त आत्माएं पूरे सिस्टम को दीमक की तरह चट किए जा रही हैं। इन्हीं अतृप्त आत्माओं को बेनकाब करने का प्रयास कलाकारों ने किया।

## प्लेयर्स ने दिखाया दमखम



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान बैडमिंटन सिविल सर्विसेज चैलेंजर कप प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अथिति डॉ. आरुषि मालिक संभागिय आयुक्त ने विजेता और उप-विजेता खिलाडियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. प्रकाश रापुरोहित और वरिष्ठ आईएएस नवीन महाजन उपस्थित रहे। पुरुष वर्ग में राज्य सरकार की सोलह विभागों की टीम और महिला वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया। पुरुष टीम ने लीग मैचेस जीत कर लगातार 5वें साल फाइनल में स्थान पक्का किया। फाइनल मुकाबले में सचिवालय की टीम विजेता और मेडिकल टीम उप-विजेता बनी। पुरुष टीम के सदस्य डॉ. पुनीत भार्गव, डॉ. अनिल यादव, डॉ. आशीष जैन, डॉ. मुकेश भामु, डॉ. जगदीश चौधरी, डॉ. राजेश गोयल, डॉ. कुमुदेश दीक्षित थे। वहीं महिला वर्ग में अकाउंट्स विभाग की टीम विजेता और मेडिकल की टीम उप-विजेता रही। टीम में सदस्य डॉ. अक्षि गोयल, डॉ. चांदनी शेखावत, डॉ. नीलम वर्मा और डॉ. नीलम सैनी थीं।

## नाटक का मंचन 29 को

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की पाक्षिक नाट्य योजना में 29 फरवरी को नाटक "हम भारत के लोग' का मंचन किया जाएगा। नाटक का लेखन, परिकल्पना व निर्देशन वरिष्ठ नाट्य निर्देशक अभिषेक गोस्वामी ने किया है। रंगायन में शाम 6:30 बजे से होने वाले नाटक में ब्रीदिंग स्पेस समूह के कलाकार प्रस्तुति देंगे। नाटक रोजमर्रा के जीवन में आने वाली उन घटनाओं को व्यंग्यात्मक तरीके से मंच पर साकार करता है जो सभ्य समाज को कलंकित करने वाली है।

## मुरथल मैग्नेट्स बनी चैम्पियन




**बेधड़क. जयपुर।** जनार्दन सिंह गेहलोत महिला युवा कबड्डी सीरीज के पहले संस्करण में हिमालयन थार को हराकर मुरथल मैग्नेट्स चैम्पियन बनी। हिमालयन थार और मुरथल मैग्नेट्स एक बार फिर आमने-सामने हुई। आखरी मुकाबले के लिए खेल की शुरुआत में हिमालयन थार मजबूत रही, लेकिन मैग्नेट्स ने जल्द ही कंट्रोल हाथों में ले लिया। मुकाबले का फाइनल स्कोर 28-21 रहा। टूर्नामेंट के दूसरे स्थान की रेडर निकिता ने फाइनल में दमखम दिखाया और 9 महत्वपूर्ण अंक जोड़ते हुए मैच की बेस्ट रेडर व कबड्डी का कमाल का खिताब जीता। मुरथल की दीप्ती ने हिमालयन के रेडर्स को लगाम लगाया और 5 टैकल अंक हासिल किए।

# City इवेंट्स

## सीसी सड़क से अब सुगम होगी राह



**बेधड़क. जयपुर।** बरकत नगर के निवासियों को अब राहत मिलेगी और सुगम राह से गुजरेंगे। इसके लिए मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 137 आदर्श बाजार बरकत नगर राम मंदिर के सामने और मधुबन कॉलोनी के पास सीसी सड़क का लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद दिनेश गौड़ ने बताया, कि सड़के काफी समय से टूटी हुई थीं। नगर निगम ग्रेटर के द्वारा इन सभी सड़कों का नवीनीकरण कराया गया। इस अवसर पर पार्षद दिनेश गौड़, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अजमेरा, मंडल उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, मंडल मंत्री पंकज दुसाद, रजत परनामी, वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजावत, बोधीलाल कुमावत, विजय सैनी, रामावतार शर्मा मनोज शर्मा, सुलभ, जयेश, दिव्यांशु, रमेश सैनी, चंचल परनामी व मौजूद रहे।

## प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय पथिक सम्मान

**बेधड़क. जयपुर।** पथिक सेना संगठन की ओर से पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर में देश की आजादी के पहले स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी विजय सिंह पथिक की 143वीं जयंती मनाई जाएगी। स्वतंत्रता सेनानियों के अलावा पत्रकारिता, साहित्य, इतिहास, खेल, भामाशाह व जनसेवा के क्षेत्र में देश भर से चयनित प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पथिक सम्मान-2024 दिया जाएगा। संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने बताया, कि संगठन 1992 से ये कार्यक्रम देश के अलग-अलग हिस्सों में करता आ रहा है।

## चिकित्सा-स्वास्थ्य मंत्री का किया अभिनंदन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कोथून के रामाज रिसोर्ट का अवलोकन किया। इस दौरान रामाज फेमिली की ओर से मंत्री का राजस्थानी परंपरा से स्वागत किया गया। महावीर टेलर, रामाअवतार टेलर, मोहित, सुनीता, निधि, बाबूलाल, टोंक सीएमएचओ डॉ. श्याम सुन्दर अग्रवाल और निवाई बीसीएमओ डॉ. शैलेंदर सिंह चौधरी आदि साथ रहे। साथ ही राजस्थान के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, टोंक कलेक्टर सौम्या, अजमेर रेंज आईजी लता मनोज, टोंक एसपी संजीव नैन, अजमेर संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा का साफा-माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## गांधी की विचारधारा को नाटक से किया प्रदर्शित

# 'हिन्द स्वराज' में देखे ख्वाब की आजादी क्या हमने प्राप्त की!



**बेधड़क | जयपुर**

इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन इप्टा जयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला भारत सरकार की ओर से "हिन्द स्वराज' का मंचन कई संदेश दे गया। रवींद्र मंच के स्टूडियो थिएटर में राजेश कुमार द्वारा नाट्य रूपांतरित प्ले में कलाकारों ने जीवंत प्रदर्शन किया। संजय विद्रोही के निर्देशन नाटक में गांधी जीवन पर वृत, परस्पर संबंध व गांधी विचारधारा को दिखाने का प्रयास किया। निर्देशक ने आज के दौर में विचार सबसे बड़ा संकट को रेखांकित किया।

स्वंत्रता का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं, बल्कि उस जीवन पद्धति का परिवर्तन है जो हम उस शासन के दरम्यान देख रहे थे। गांधी इसलिए बार-बार अंग्रेजी सभ्यता हटाने की उसे छोड़ने की बात करते हैं। आज सबसे बड़ा संकट विचार का है। वर्तमान राजनैतिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक परिदृश्य में विचार लुप्त हो रहे हैं। कलाकरों ने बताया, कि गांधी ने जिस आजाद भारत का ख्वाब "हिन्द स्वराज' में देखा था, क्या हमने वह आजादी प्राप्त की? सिर्फ गोरे शासन बदले और काले शासन आ गए। बस इतनी सी आजादी वर्तमान तक मिली है। पूरे नाटक में आधुनिक सभ्यता को शैतानी सभ्यता और रेल, डॉक्टर, वकील व अंग्रेजी शिक्षा को गुलामी का नींव बताया था और आज के हालात को उससे इतर नहीं है।

## गायत्री परिवार के विचारों को पहुंचाएंगे आमजन तक

# अखंड ज्योति से किए अश्वमेध यज्ञ की भस्म आई जयपुर



**बेधड़क | जयपुर**

मायानगरी मुंबई में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में राष्ट्र को सक्षम, समर्थ व समृद्ध बनाने के लिए हुए 47वें अश्वमेध महायज्ञ में भागीदारी कर समयदानी कार्यकर्ताओं के दल जयपुर लौटे। शांतिकुंज हरिद्वार में गायत्री परिवार राजस्थान प्रभारी जयसिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को विदाई दी। उन्होंने अश्वमेध महायज्ञ में मिले गुरुसत्ता के ज्ञान प्रसाद को जन-जन तक पहुंचाने और गांव-ढाणी को गायत्रीमय बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महायज्ञ का समापन नहीं वरन् 2026 में मनाए जाने वाले अखंड ज्योति और गायत्री परिवार की संस्थापिका भगवती देवी माताजी के जन्म शताब्दी समारोह की शुरुआत है। जो युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार में इससे भी बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर यज्ञ में शामिल हुए लोग सैंकड़ों वर्षों से जल रही अखंड ज्योति से किए गए अश्वमेध महायज्ञ की भस्म जयपुर लाई गई। भस्म रविवार को होने वाले गृहे-गृहे यज्ञ के दौरान प्रसाद स्वरूप वितरित की जाएगी। गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल की अगुवाई में राजधानी से करीब 500 समयदानी कार्यकर्ताओं ने मुंबई अश्वमेध महायज्ञ में सेवाएं दीं। राष्ट्र को समर्थ बनाने के लिए हुए महायज्ञ में अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम सहित 50 देशों के करीब पांच लाख लोगों की भागीदारी की।

**मनोरंजन** दिशा फाउंडेशन के बच्चों के लिए हास्य नाटक का आयोजन

# तीन तिगाड़ा-काम बिगाड़ा ने खूब हंसाया और गुदगुदाया


**बेधड़क | जयपुर**

नाटक के जरिए हंसी-मजाक में मैसेज दिए तो हर कोई रोमांचित हो गया। मौका था रंग राजस्थान में रंग बचपन के तहत दिशा फाउंडेशन के बच्चों के लिए हुए हास्य नाटक "तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा के मंचन" का। जिसका निर्देशन श्वेता खत्री ने किया और लेखन उज्जवल उपमन का रहा। फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉक्टर भारती खूंटेटा ने बताया, कि बच्चों ने नाटक को अच्छी तरह से समझते हुए आनंद लिया। नाटक तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा का दूसरा मंचन रंग बचपन के तहत बच्चों के लिए हुआ। वहां भी बच्चों ने जमकर ठहाके लगाए और नाटक के मूल संदेश को मनोरंजन के साथ समझा।











### गलतियों को करें स्वीकार

नाटक में मंच पर आकाश, विवेक, शिखा और सुमित थे। नाटक ने छोटे बच्चों को खूब हंसाया और गुदगुदाया। साथ ही समझाया, कि हम लोग जिन अंधविश्वासों को मानते हैं। उनको नहीं मानते हुए अपनी गलतियों को अंधविश्वासों पर न टालकर उन्हें स्वीकार करना चाहिए। केवल और केवल कर्म पर भरोसा करना चाहिए।

### आएगी सोने की चिड़िया

रंग बचपन में मंगलवार को नाटक "लो आ गई वापस सोने की चिड़िया" का मंचन होगा, जिसका निर्देशन गिरिश कुमार यादव ने किया है। वहीं राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बुधवार को रंग राजस्थान की शुरुआत होगी। जिसमें चंडीगढ़ का नाटक "राम की शक्ति पूजा' का मंचन होगा। वहीं 2 मार्च को नाटक "नौ एग्जिट', "भागी हुई लड़कियां' और बॉलीवुड एक्टर पियूष मिश्र का नाटक "गगन दमामा बाज्यो' का मंचन होगा।





### गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक और यरुशलम के हालातों के कारण लिया निर्णय

# फिलिस्तीनी पीएम सातायेह ने सरकार के साथ दिया इस्तीफा




**एजेंसी** | गाजा पट्टी

फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद सातायेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही उनकी पूरी सरकार ने भी इस्तीफा दे दिया है। अल जजीरा के मुताबिक इस्तीफे की जानकारी देते हुए सातायेह ने कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी भूख से तड़प रहे हैं। इजराइल के लगातार हमलों के बीच वेस्ट बैंक और यरूशलम में भी हिंसा बढ़ गई है। इसके कारण मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं। मोहम्मद सातायेह का इस्तीफा ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका राष्ट्रपति अब्बास पर फिलिस्तीन में नया पॉलिटिकल स्ट्रक्चर बनाने का दबाव बना रहा है। ऐसे में सातायेह के इस्तीफे के पीछे की एक वजह अमेरिकी दबाव को भी माना जा रहा है। गौरतलब है कि फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है। अब राष्ट्रपति महमूद अब्बास को तय करना होगा कि वह इस्तीफा स्वीकार करते हैं या नहीं।



### गाजा को बता चुके 'ब्लड वैली'

मोहम्मद सातायेह ने कुछ समय पहले गाजा को 'ब्लड वैली' नाम दिया था। उन्होंने दावा किया था कि 7 अक्टूबर को शुरू हुए इजराइली हमलों से गाजा में शवों को दफनाने की अब जगह नहीं बची है। अब इस्तीफा देते समय भी उन्होंने गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक और यरुशलम के हालातों पर चिंता जताई है।

### राष्ट्रपति करता है प्रधानमंत्री की नियुक्ति


फिलिस्तीन अथॉरिटी का राष्ट्रपति ही प्रमुख होता है। राष्ट्रपति का चुनाव वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में लोकतांत्रिक रूप से होता है। मौजूदा राष्ट्रपति महमूद अब्बास हैं। वह 2005 से फिलिस्तीन अथॉरिटी की अगुआई कर रहे हैं। राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की नियुक्ति करता है, जो सरकार बनाने के लिए जिम्मेदार होता है। प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति के मन मुताबिक होती है। इसके लिए संसद के अप्रूवल की जरूरत होती है। इजराइल-हमास जंग खत्म होने के बाद फिलिस्तीन राज्य की स्थापना होगी। इस राज्य पर किसका शासन होगा, अमेरिका इसको लेकर इजराइल और फिलिस्तीनी अथॉरिटी से बात कर रहा है। अमेरिका यहां शासन के लिए नया पॉलिटिकल स्ट्रक्चर बनाना चाहता है।

### हज यात्रियों के लिए सऊदी अरब ने सख्त किए कानून

# बिना परमिट हज पर गए तो होगा 'देश निकाला'

**एजेंसी** | रियाद

बिना परमिट के हज करने की कोशिश करने वालों के लिए सऊदी अरब ने कानून कड़े कर दिए हैं। अधिकारियों ने घोषणा की है कि बिना परमिट के हज करने वाले व्यक्ति पर 50 हजार रियाल (करीब 11 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर छह महीने की जेल भी हो सकती है। अधिकारियों ने कहा है कि जुर्माना निवासियों और आगंतुकों दोनों पर लागू होगा। सजा पूरी होने के बाद ऐसा करने वालों को 10 साल के लिए देश से निष्कासित भी कर दिया जाएगा। ऐसे लोगों के 10 साल तक देश में दोबारा प्रवेश करने पर प्रतिबंध रहेगा। सऊदी सरकार ने यह कदम इस साल के हज से पहले व्यवस्था को सुचारू बनाने के एक बड़े प्रयास के तौर पर उठाया है। हज और उमरा मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि आवश्यक परमिट प्राप्त किए बिना हज करना अवैध है और कोई भी ऐसी कोशिश ना करे। हज दुनिया की सबसे बड़ी तीर्थयात्राओं में से एक है। इस साल दुनियाभर से करीब 19 लाख लोगों के हज के लिए सऊदी पहुंचने की उम्मीद है। कोरोना के दौरान हज के लिए आने वालों की तादाद घट गई थी लेकिन अब फिर से आने वालों की संख्या में बढोतरी आई है।



**ज्यादातर सुविधाएं ऑनलाइन:** सऊदी ने हज को लेकर जो कदम उठाए हैं उसके तहत बिना प्रवेश परमिट वाले लोगों को 15 मई से पवित्र शहर मक्का में प्रवेश करने पर भी रोक लगा दी गई है। सऊदी किंगडम ने नुसुक प्लेटफॉर्म को ऑनलाइन पेश करके आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने का भी प्रयास किया है। सऊदी सरकार ने हज से जुड़ी ज्यादातर सुविधाएं ऑनलाइन कर दी हैं।

**भारत से जाएंगे 1.39 लाख लोग:** इस साल हज के लिए भारत से 1.39 लाख लोग सऊदी अरब जाएंगे। देशभर से लोगों ने हज के लिए आवेदन किया था। करीब 35 हजार लोग निजी रूप से भी हज पर जाएंगे। भारत और सऊदी की सरकारों के बीच हाल ही में द्विपक्षीय हज समझौता हुआ है। इसके तहत हज 2024 के लिए भारत से कुल 1,75,025 हाजियों का कोटा तय किया गया है। इसमें भारतीय हज समिति के माध्यम से 140020 सीटें आरक्षित की गई हैं। हज ग्रुप संचालकों के माध्यम से 35005 हाजी सऊदी जा सकते हैं।

## पहली बार फॉकलैंड जाएंगे कैमरन

**लंदन।** ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन अपनी वर्तमान भूमिका संभालने के बाद पहली बार दक्षिण अटलांटिक और दक्षिण अमेरिकी दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान वह फॉकलैंड द्वीप समूह का दौरा भी करेंगे। विदेश कार्यालय ने बताया है कि कैमरन पराग्वे जाएंगे और ब्राजील में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे।

## स्वीडन की नाटो सदस्यता की आसान हुई राह

**एजेंसी** | स्टॉकहोम

हंगरी ने स्वीडन की नाटो सदस्यता पर वोटिंग से पहले ग्रिपेन लड़ाकू विमान खरीदने के समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इस विमान को स्वीडन की कंपनी साब बनाती है। हंगरी ने स्वीडन की नाटो सदस्यता पर आपत्ति जताई हुई है। इस कारण स्वीडन की नाटो सदस्यता रुकी हुई है। लेकिन अब माना जा रहा है कि नाटो सदस्यता आसानी से मिल जाएगी। इससे पहले तुर्की ने भी स्वीडन की नाटो सदस्यता पर आपत्ति जताई थी, लेकिन अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमान की खरीद को लेकर हुए समझौते के बाद उसने अपनी मंजूरी दे दी थी। नाटो की सदस्यता के लिए पहले से मौजूद सभी सदस्य देशों की मंजूरी आवश्यक होती है। हंगरी और स्वीडन में हुए समझौते के तहत हंगेरियन वायु सेना को चार ग्रिपेन सी लड़ाकू विमान मिलेंगे। हंगरी ने 2001 में स्वीडन की साब कंपनी से 14 ग्रिपेन विमानों की खरीद की थी। इनमें 12 सिंगल-सीट ग्रिपेन सीएस वेरिएंट और दो डबल सीट वाले ट्रेनी ग्रिपेन डीएस शामिल थे।

### जापानी चंद्रयान फिर हुआ सक्रिय

# सूर्य किरणों से पुनर्जीवित हुआ 'स्लिम'

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान का चंद्रयान 'स्लिम' चांद पर पुनर्जीवित हो गया है। चांद की सतह पर झंडा फहराने वाले जापान के चंद्रयान स्लिम के इस चमत्कार का ऐलान जापान की अंतरिक्ष एजेंसी (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) जाक्सा ने किया। जाक्सा ने बताया है कि उनका अंतरिक्ष यान सर्द रात के बाद चमत्कारिक तरीके से फिर से जिंदा हो गया है। यह चमत्कार तब हुआ जब सूरज की किरणों का एंगल बदला और स्लिम की बैट्री फिर से चार्ज हो गई। करीब दो सप्ताह भीषण ठंड को मात देने के बाद एक बार फिर से यह जापानी यान चांद की सतह पर सक्रिय हो गया है और आने वाले समय में चांद के कई राज खोल सकता है। गौरतलब है कि जापानी यान को लैंड करने में भारत के चंद्रयान मिशन ने बहुत मदद की है। इससे पहले पिछले महीने स्लिम ने एकदम सटीक लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था। हालांकि लैंडिंग के बाद, लैंडर पलट गया और स्लीप मोड में चला गया था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इसके सोलर पैनल की दिशा के कारण इसकी बैटरियां रिचार्ज नहीं हो पा रही थीं। जाक्सा ने खुलासा किया कि दो हफ्ते बाद, सूरज का कोण बदल गया, जिससे स्लिम को रिचार्ज किया जा सका। इसका नतीजा यह हुआ कि यह यान जाग गया और उसने पृथ्वी के साथ फिर से संचार स्थापित किया है।



### 10 चट्टानों का कर चुका अवलोकन

हालांकि स्लिम लक्ष्य से लगभग 55 मीटर दूर उतरा, फिर भी यह निर्दिष्ट लैंडिंग क्षेत्र के भीतर ही उतरा था। चांद पर उतरने के बाद स्लिम ने लगभग 10 चट्टानों पर अवलोकन किया। स्लिम मिशन की टीम को विश्वास है कि जापानी यान के निष्कर्ष नेविगेशन तकनीकों की उन्नति में योगदान देंगे।


### कठोर सर्दी के लिए नहीं किया गया डिजाइन

जाक्सा के मुताबिक स्लिम ने अपनी संचार क्षमताओं को बनाए रखते हुए चंद्र सतह पर रात को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। चंद्रमा के लैंडर को सर्द कठोर चंद्र रातों के लिए डिजाइन नहीं किया गया था, जहां तापमान शून्य से 133 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर सकता है। गौततलब है कि जापान ने साल 2023 में स्लिम के सफल प्रक्षेपण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य एक सटीक और स्थानीय लैंडिंग को पूरा करना था। इसका लक्ष्य चंद्रमा के भूमध्य रेखा के पास शियोली क्रेटर के आसपास 100 मीटर के दायरे में उतरना था, जो पहले कभी हासिल नहीं हुआ था।

# इमारत में आग, भारतीय पत्रकार की मौत

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक छह मंजिला इमारत में आग लगने से हुए हादसे में भारतीय पत्रकार फाजिल खान की मौत हो गई। 27 साल के फाजिल न्यूयॉर्क स्थित मीडिया कंपनी द हेचिंगर रिपोर्ट के पत्रकार थे और मैनटेहन में रहते थे। मैनहेटन के सेंट निकोलस पैलेस पर छह मंजिला रिहाइशी इमारत में लिथियम आयन बैटरी के चलते आग लगी और देखते ही देखते इसने भीषण रूप ले लिया। आग में फाजिल खान की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। आग पर काबू पाने के बाद दमकलकर्मियों ने बताया कि आग इमारत की तीसरी मंजिल पर दोपहर करीब दो बजे लगी। आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। अग्निशमन विभाग ने कहा कि पांचवीं मंजिल पर कई लोग आग से बचने के लिए खिड़कियों से बाहर लटक गए थे। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने खान की मौत पर शोक व्यक्त किया है। द हेचिंगर रिपोर्ट वेबसाइट के अनुसार फाजिल खान उनके यहां एक डेटा रिपोर्टर के तौर पर काम कर रहे थे। उनका काम शिक्षा डेटा को इकट्ठा करना, उसका विश्लेषण करना और असमानता उजागर करने और शिक्षा में नवाचार की जांच करने के लिए अन्य पत्रकारों के साथ सहयोग करने का था। फाजिल ने 2021 में कोलंबिया जर्नलिज्म स्कूल से डेटा जर्नलिज्म में स्नातक किया था।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।